Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -290 शुक्रवार ,26 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

अपनी भूख सहनेवाले तपस्वी की शक्ति उतनी नहीं होती जितनी कि दूसरे की भूख मिटानेवाले दानी की।
-तिरुवल्लुवर-

पैगंबर विवाद

## टी.राजा सिंह फिर गिरफ्तार

### जमानत के बाद हो रहा था विरोध

**हैदराबाद, 25 अगस्त 2022।** पैगंबर मोहम्मद पर बयान देकर घिरे हैदराबाद के गोशामहल से विधायक टी. राजा सिंह को पुलिस ने एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अदालत ने जमानत दे दी थी। उसके बाद से ही राजा सिंह के खिलाफ एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन तेज हो गए थे।



बुधवार रात को भी हजारों की भीड़ हैदराबाद की सड़कों पर उतरी थी और सिर तन से जुदा के नारे लगाते हुए टी. राजा सिंह के खिलाफ ऐक्शन की मांग की थी। हैदराबाद के कई इलाकों में बीते कुछ दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी हैं। पुलिस ने बुधवार को लाठीचार्ज भी किया था ताकि भीड़ को तितर-बितर किया जा सके। इसके अलावा आरएएफ की तैनाती भी की गई थी।

बता दें कि भाजपा से निर्लंबित विधायक टी. राजा सिंह ने आज सुबह ही कहा था कि सीएम के. चंद्रशेखर राव ने इस मामले को ईगो पर ले लिया है। विधायक ने कहा था कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच राजा सिंह की रिहाई के खिलाफ हैदराबाद पुलिस ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। अदालत में पुलिस ने कहा है कि राजा सिंह का बयान भड़काऊ था और उन्हें रिहा करने के चलते समाज में अशांति फैल रही है।



## बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, 25 अगस्त 2022।** बिलकिस बानो दोषियों की रिहाई मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को नोटिस भेजा है. सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर गुजरात सरकार से राय मांगी है. बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देने वाली सुभाषिनी अली के नेतृत्व में 3 कार्यकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई हो रही थी.

अब इस मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी. बता दें कि गोधरा कांड के बाद गुजरात में दंगे भड़क गए थे और इसी दंगे के दौरान बिलकिस बानों के परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी. इतना ही नहीं दंगाइयों ने बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया था. इस दौरान बिलकिस बानो गर्भवती थी.

**बिलकिस बानो ने क्या कहा था-** बिलकिस बानो ने भावुक होते हुए कहा कि जब मैंने सुना कि 11 अपराधी जिन्होंने मेरे परिवार और मेरे जीवन को तबाह कर दिया और मेरी 3 साल की बेटी को मुझसे छीन लिया, वे आज मुक्त हो गए तो मैं पूरी तरह से निःशब्द हो गई।

## आप की 40 विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है भाजपा:केजरीवाल

**नई दिल्ली, 25 अगस्त 2022।** आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास में आज होने वाली अहम बैठक से पहले बड़ी खबर आ रही है। बताया जा रहा है आप के कुछ विधायकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर आप के विधायक दिलीप पांडे और अतिशी ने भाजपा पर सरकार पलटने के लिए 40 विधायकों से संपर्क साधे का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अपने आवास पर सभी आप विधायकों की एक अहम् बैठक बुलाई है, जिसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति, ईडी और सीबीआई द्वारा आप नेताओं पर छापेमारी और भाजपा द्वारा कथित तौर पर दिल्ली सरकार को उखाड़ फेंकने के हो रहे प्रयास पर भी चर्चा होगी।



बैठक से पहले कुछ विधायकों से संपर्क नहीं हो पाने की बात कहते हुए आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि विधायकों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। कल विधायकों को संदेश दिया जा चुका है, जिन विधायकों से संपर्क नहीं हो पाया उनसे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा 40 विधायकों को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

वहीं विधायक अतिशी ने कहा कि भाजपा कई दिनों से दिल्ली सरकार को पलटने की कोशिश कर रही है। हमारे विधायकों को पैसा दिया गया, धमकी दी गई। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री को भी धमकी दी गई। यह कोई पहला प्रयास नहीं है। इसके पहले भी भाजपा ऑपरेशन लोटस चला चुकी है, लेकिन वे हमेशा असफल रहे और हमेशा रहेंगे।

इससे पहले बीते बुधवार को दिल्ली में विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी की मीटिंग राष्ट्रीय संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई थी। इस मीटिंग के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मीटिंग में मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चर्चा की गई थी। वहीं दिल्ली में सरकार गिरने की कोशिश पर भी चर्चा हुई थी।

## यूपी के औरैया जिले में एक परिवार के 3 लोगों की हत्या

**औरैया 25 अगस्त 2022।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक व्यापारी, उसकी पत्नी और बेटे की रहस्यमय परिस्थितियों में गोली मारकर हत्या कर दी गई। 52 वर्षीय संदीप पोरवाल, उनकी 48 वर्षीय पत्नी मीरा और 25 वर्षीय बेटे शिवम के शव उनके पोरवाल कॉलोनी स्थित घर की तीसरी मंजिल पर मिले। ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे पोरवाल के छोटे बेटे ने गुरुवार को शव देखे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक रिवॉल्वर बरामद कर ली गई है।



एक प्रतिष्ठित व्यवसायी होने के अलावा, पोरवाल प्रकाश चंद्र डिग्री कॉलेज के प्रबंधक भी थे। सूत्रों ने बताया कि घटना संभवत- बुधवार रात परिवार के सोने के बाद की है। हैरानी की बात यह है कि घर और आस-पड़ोस में किसी ने गोली चलने की आवाज नहीं सुनी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं।

## पुलिस की धमकी से परेशान किसान ने पेड़ से लटककर की खुदकुशी

**उत्तर प्रदेश , 25 अगस्त 2022।** के कन्नौज में पुलिस की धमकी से परेशान एक किसान की खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर किसान को मर्डर केस में फंसाने की लगातार धमकी दे रहा था।



उत्तर प्रदेश के कन्नौज के जलालपुर ठकुरन गांव में कथित तौर पर पुलिसकर्मी से परेशान होकर 54 साल के शख्स ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर उन्हें हत्या के एक मामले में फंसाने की धमकी दिया करता था जिससे वो लगातार परेशान रहते थे। पुलिस के मुताबिक तुकमान खेत में बने एक मकान में रहता था और गुरुवार की सुबह वह एक पेड़ से लटका मिला। जानकारी के मुताबिक तीन दिन पहले ही किसान के रिश्तेदार कि किसी ने हत्या कर दी थी लेकिन पुलिस मामले की जांच की जगह उसे ही धमका रही थी।

घटना के बाद नाराज परिजनों ने शव को ईस्टर्न बाइपास रोड पर रखकर धरना दिया जिससे करीब तीन घंटे तक वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। तुकमान के रिश्तेदार अनिल के मुताबिक 21 अगस्त की रात उसके भाई कैलाश राठौर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गांव के तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

अनिल का आरोप है कि सब-इंस्पेक्टर अपने भाई की हत्या के लिए प्राथमिकी में नामजद लोगों को पकड़ने की बजाय तुकमान को जेल भेजने की धमकी दे रहा था। तुकमान की मौत के बाद उसके परिजनों ने हाईवे पर उसके शव को लेकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी की न्याय मिलने तक वो शव को मौके से नहीं हटाएंगे। मामले की जानकारी आला अधिकारियों तक पहुंची तो मामले पर संज्ञान लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने मामले की जांच और आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सोनाली फोगाट की मौत मामला,हत्या की एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली, 25 अगस्त 2022।** सोनाली फोगाट की मंगलवार सुबह मौत हो गई थी. गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने बताया था कि अभी उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक को माना जा रहा है. हालांकि, पूरी बात पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही सामने आ सकेगी. बुधवार को उनका पोस्टमॉर्टम होना था, लेकिन परिवाल वालों ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यह नहीं हो पाया. हालांकि, अब सोनाली फोगाट के परिवार ने पुलिस में धारा 302 के तहत स्रढ्ढक्र दर्ज कराई है. हालांकि, पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है. रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस जांच आगे बढ़ाएगी. इसके अलावा कहा जा रहा है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सोनाली फोगाट के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं.।

सोनाली फोगाट टिकटॉक स्टार थीं. वह 2019 में तब चर्चा में आई थीं, जब हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें आदमपुर सीट से उम्मीदवार बनाया था. इस चुनाव में सोनाली को कांग्रेस के कुलदीप बिश्नोई ने हरा दिया था. पुलिस के मुताबिक, सोनाली फोगाट 22 अगस्त को गोवा आई थीं. वह अंजुना के एक होटल में ठहरी थीं. सोमवार रात को वह एक पार्टी में गई थीं. मंगलवार सुबह बेचैनी की शिकायत होने पर उन्हें सेंट एंथनी हॉस्पिटल लाया गया था. पुलिस का कहना है कि अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी.



परिवार वालों ने उनकी मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग की है. उनके भाई ने फार्म हाउस से सीसीटीवी कैमरा और लैपटॉप गायब होने का आरोप लगाया है. साथ ही यह भी दावा किया है कि उनके ही दो साथियों ने उनकी हत्या की है.

असल में सोनाली बीजेपी लीडर होने के साथ-साथ एक एक्टर भी थीं. वह सोशल मीडिया पर अपने छोटे-छोटे वीडियोज और दिलकश तस्वीरों के जरिए अक्सर छाई रहती थीं. ऐसे में उनका फिटनेस फ्रिक होना यानी अपनी सेहत के लिए सजग रहना भी लाजिमी था. और सोनाली सचमुच अपनी सेहत का हमेशा ख्याल रखती थीं. घरवालों का कहना है कि सोनाली की मौत अचानक यूं हार्ट अटैक से हो जाए, यह बात मुमकिन नहीं है.

गोवा पुलिस ने इस सिलसिले में शुरुआती कार्रवाई के तहत अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है. उनके घरवाले गोवा में हैं. सोनाली की मौत की इस वारदात को 48 घंटे से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन उनकी बॉडी का पोस्टमॉर्टम भी नहीं हुआ है. हालांकि, गोवा शासन अब भी सोनाली की मौत को एक सामान्य मौत मान कर ही चल रहा है. लेकिन गोवा सरकार का कहना है कि वह इस मामले की जांच के लिए हर तरह से तैयार हैं. ताकि मौत का सच सामने आ सके।

## युवक ने अपने दो बच्चों के साथ गंगा पुल से लगा दी छलांग बेटों की मौत

**कानपुर , 25 अगस्त 2022।** के बिठूर इलाके में नए गंगा पुल से एक पिता ने अपने दो बच्चों के साथ छलांग लगा दी। बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि पिता को बचा लिया गया है।

कानपुर के बिठूर इलाके में नए गंगा पुल से एक पिता ने अपने दो बच्चों के साथ छलांग लगा दी। बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि पिता को बचा लिया गया है। मौके पर पुलिस मौजूद है। युवक को उन्नाव जिले का बताया जा रहा है। आखिर उसने छलांग क्यों लगाई इसका कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल भारी भीड़ जमा है।

## अन-नेचुरल सेक्स करने वाला लोकायुक्त इंस्पेक्टर गिरफ्तार

### नौकरी का झांसा देकर युवक के साथ महीनों किया था कुकर्म

**ग्वालियर, 25 अगस्त 2022।** नौकरी का झांसा देकर युवक के साथ कुकर्म करने वाले लोकायुक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र यादव को ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लोकायुक्त इंस्पेक्टर पिछले पांच महीने से फरार चल रहा था। पूरा मामला यूनिवर्सिटी थाने का है।

दरअसल ग्वालियर में लोकायुक्त इंस्पेक्टर ने एक युवक को नौकरी का झांसा देकर होटल में ले जाकर उसके साथ अन-नेचुरल सेक्स किया था। इंपेक्टर ने युवक को नौकरी तो नहीं दिलाई, लेकिन धमकाकर 7 महीने तक उसके साथ ज्यादती कर रहा था। युवक ने जान छुड़ाने के लिए अपने दोस्त के साथ मिलकर इंस्पेक्टर का वीडियो बनाया था। इस



**एफआईआर दर्ज होने के बाद से था फरार**

वीडियो के हवाले युवक ने इंपेक्टर के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ कुकर्म और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किय था। स्रढ्ढक्र दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था।

**कभी होटल में तो कभी अपने कमरे में बुलाकर करता था अन-नेचुरल सेक्स**

इंस्पेक्टर कभी होटल में तो कभी अपने कमरे में बुलाकर युवक के साथ ज्यादती करता था। जब नौकरी नहीं मिली तो युवक ने इंस्पेक्टर से दूरी बनाने की कोशिश की, लेकिन इंस्पेक्टर ने युवक को अपनी वर्दी का रौब दिखाकर धमकाता रहा। आखिर में पीड़ित ने अपने दोस्त को पूरी कहानी बताई थी। युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर इंस्पेक्टर की करतूत का विडीयो बना लिया था और विडीयो के साथ पुलिस अफसरों से शिकायत की थी।आला अधिकारियों ने विडीयो के आधार पर लोकायुक्त इंस्पेक्टर सुरेन्द्र यादव के खिलाफ अननेचुरल सेक्स करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया था।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छिनी कुर्सी,चुनाव आयोग ने राज्यपाल को भेजी चिट्ठी

**रांची, 25 अगस्त 2022।** झारखंड से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री हेमेत सोरेन की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। सूत्रों की मानें तो इसे लेकर चुनाव आयोग ने राज्यपाल को चिट्ठी भी भेज दी है। राज्यपाल थोड़ी देर में फैसला सार्वजनिक कर सकते हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ खनन लीज आबंटन मामले में चुनाव आयोग की सुनवाई पूरी होने के बाद से ही फैसले का इंतजार किया जा रहा था।



अब आयोग के राज्यपाल को सदस्यता रद्द करने बाबत पत्र लिखे जाने के साथ ही हेमंत सोरेन की विधायक के तौर पर पारी खत्म मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं हेमंत सोरेन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का तरीका अपनाते हुए अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बना सकते हैं।

## आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रही थी जिस्मफरोशी, 14 युवतियों के साथ 10 युवक गिरफ्तार

**सीतामढ़ी , 25 अगस्त 2022।** आर्केस्ट्रा के नाम पर सेक्स रैकेट धड़ल्ले से चल रहा था. जिसका पुलिस ने अब खुलासा कर दिया है. 24 लोगों को पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किया है. एसपी के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई थी. जिसके बाद सेक्स रैकेट में शामिल 14 युवितयां और 10 युवकों को पुलिस ने धर दबोचा है. जिनसे थाने में पूछताछ की जा रही है.

यह मामला सीतामढ़ी के डुमरा के मुरादपुर गांव का है. गांव में देर रात एक बर्थडे पार्टी में दो युवतियां महफिल सजाने गयी थीं, जहां युवतियां युवकों के साथ अनैतिक कार्य कर रही थीं. इसे देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया और पुलिस को इसकी जानकारी दी. ग्रामीणों के शोर मचाने पर बर्थडे पार्टी में शामिल युवक फरार हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवतियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस द्वारा पूछताछ में युवतियों ने ऑर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट की जानकारी दी. गिरफ्तार की गई सभी युवतियां आर्केस्ट्रा में काम करती है और इसी की आड़ में देह व्यापार भी करती थी. इस मामले में एसपी हर किशोर राय ने बताया कि जांच की जा रही है. जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा. फिलहाल सभी से पूछताछ के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही है. छापेमारी में और लोगों के पकड़े जाने की संभावना है. पुलिस ने बताया कि सेक्स रैकेट में पकड़ी गई युवतियां सीतामढ़ी के अलावा कई अन्यों जिलों से भी हो सकती हैं. सभी से पूछताछ जारी है।






## कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव कुछ हफ्तों के लिए टाला जा सकता है

**नई दिल्ली, 25 अगस्त 2022।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव कुछ हफ्तों के लिए टाला जा सकता है। चुनाव कब होगा इस पर फैसला 28 अगस्त को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में लिया जाएगा। पहले यह घोषणा की गई थी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होगा। सूत्रों की मानें तो फिलहाल अध्यक्ष के चुनाव को आगे टाल दिया गया है।



कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। राहुल गांधी ने अध्यक्ष का चुनाव लड़ने में रुचि नहीं जताई है। इसके अलावा किसी और नेता ने भी ऐसी इच्छा जाहिर नहीं की है। नेताओं की ओर से भी राहुल गांधी से इतर किसी नाम का प्रस्ताव नहीं दिया गया है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पार्टी का नया अध्यक्ष कौन होगा?

कई मीडिया रिपोर्ट में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अध्यक्ष पद के लिए दावेदार बताया गया है, लेकिन उन्होंने खुद रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। एक दिन पहले अशोक गहलोत ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी वो उसे निभा रहे हैं। मंगलवार को अशोक गहलोत ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात भी की थी।

## मोबाइल गेम का दुष्परिणाम:पैसा हारने के बाद 10 वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**छतरपुर, 25 अगस्त 2022।** मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम में पैसे हराने के बाद छात्र द्वारा आत्महत्या (सुसाइड) किये जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना जिले के अनगौर गांव की है जहां प्रेमनारायण बिदुआ के 15 वर्षीय बेटे ऋषि ने रात के वक्त घर पर अपने रूम के पंखे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना परिजनों से गुलगंज थाना पुलिस को दी। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को पंखे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दकर मामले को जांच में लिया है।



जानकारी के अनुसार ग्राम अनगौर में रहने वाला 15 वर्षीय ऋषि बिदुआ छतरपुर शहर के शिलिंग होम इंग्लिश स्कूल में कक्षा 10वीं में पढ़ाई करता था। उसने ऑनलाइन पढ़ाई के परिजन से एंड्राइड मोबाइल खरीदवाया था। पढ़ाई के बहाने रोजाना मोबाइल स्कूल ले जाता था और इसी दौरान उसे ऑनलाइन गेम विंजो की लत लग गई। उसने अपने पापा के खाते से करीब तीन हजार रुपये का ट्रांजेक्शन कर दिया, जो कि गेम में वह हार गया।

हार के सदमे एवं डर की वजह से उसने फांसी लगा ली। हालांकि पैसे ट्रांसफर होने का मैसेज मृतक बच्चे के पिता के मोबाइल पर जरूर आया था। मगर उन्होंने उस समय इतना गौर नहीं किया। जब घटना घटित हो गई उसके बाद उन्होंने मोबाइल का मैसेज देखा तो उसमें करीब 3000 रुपये ट्रांसफर पाया गया। बहरहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी शशांक जैन डीएसपी, छतरपुर ने दी।

# संपादकीय

## एजेंसी की कार्रवाई में नया राजनीतिक ट्विस्ट

केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती रही हैं कि केंद्र सरकार बदले की भावने से कार्रवाई कर रही है। यह भी कहा जाता रहा है कि विपक्ष को कमजोर करने, उसकी साख खराब करने और उसके कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई हो रही है। अब इसमें नया ट्विस्ट आ गया है। अब जिसके यहां कार्रवाई हो रही है वह कह रहा है कि भाजपा ने उसे पार्टी तोड़ने का प्रस्ताव दिया था। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा ने प्रस्ताव दिया था कि वे आम आदमी पार्टी तोड़ दें तो उनको भाजपा मुख्यमंत्री बनाएगी और उनके सारे केस खत्म हो जाएंगे। उनसे पहले यहीं आरोप महाराष्ट्र में शिव सेना के नेता संजय राउत ने लगाए थे। सिसोदिया और संजय राउत दोनों ने आरोप लगाने के बाद यह भी कहा कि वे टूट जाएंगे पर झुकेंगे नहीं।

अभी कई और जगह से ऐसी बातें सुनने को मिल सकती हैं। जैसे अगर झारखंड में हेमंत सोरेन और उनके परिवार के ऊपर कार्रवाई होती है तो वे या उनके समर्थक कह सकते हैं कि भाजपा उनको अपने साथ आने का प्रस्ताव दे रही थी लेकिन उन्होंने मना कर दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो गई। वैसे भी एजेंसियों की साख अब ऐसी ही हो गई है कि वे सिर्फ विपक्षी नेताओं के यहां छापे मारते हैं और उन्हीं पर कार्रवाई करते हैं। इस नए राजनीतिक ट्विस्ट से एजेंसियों की साख और खराब होगी। विपक्षी पार्टियों को जनता के बीच अपने को पाक साफ दिखाने का एक तरीका इसमें मिल गया है। यह अलग बात है कि भाजपा जिनको प्रस्ताव दे रही है, वे सचमुच टूट जा रहे हैं और भाजपा के साथ चले जा रहे हैं। जैसे महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे शिव सेना के 40 विधायकों के साथ भाजपा में चले गए। उत्तराखंड में अरविंद केजरीवाल ने रिटायर कर्नल अजय कोठियाल को अपना मुख्यमंत्री पद का दावेदार बनाया था और चुनाव के बाद कोठियाल भाजपा में चले गए।

आरोप लगाने वाले दोनों नेता सिसोदिया और राउत यह नहीं बता रहे हैं कि भाजपा में से किस ने प्रस्ताव दिया था। सूत्रों के हवाले से आप नेताओं ने मीडिया में खबर चलवाई है कि भाजपा ने फोन किया था। सवाल है कि क्या किसी ने फोन पर कहा कि 'हेलो मैं भाजपा बोल रहा हूं'? आरोप लगाया है तो फोन करने वाले का नाम बताना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं है कि नाम सही समय पर बताएंगे। झारखंड में सत्तापक्ष के एक विधायक ने प्रलोभन देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर भी मुकदमा दर्ज कराया है। सिसोदिया को भी प्रलोभन देने वाले पर मुकदमा दर्ज कराना चाहिए और कार्रवाई की मांग करनी चाहिए।

# आवारा मवेशी,घटिया दाम और कई मुद्दे



प्रियंका सौरभ
नई दिल्ली

आवारा मवेशी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मानव निवासियों और पशु कल्याण के लिए कई खतरे पैदा करते हैं। आवारा मवेशी खड़ी फसलों को खाने और मनुष्यों पर हमला करने के लिए जाने जाते हैं। कृषि उद्योग में बढ़ते मशीनीकरण ने भी मवेशियों को काम करने वाले जानवरों के रूप में उपयोग से बाहर कर दिया है, और मवेशियों के परित्याग के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गौरक्षकों द्वारा गिरफ्तारी, उत्पीड़न और लिंचिंग के डर ने भी मवेशियों के व्यापार को कम कर दिया है। एक बार जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो गाय को खिलाना और उसका पालन-पोषण करना उस किसान पर आर्थिक बोझ बन जाता है जो उसका भरण-पोषण नहीं कर सकता।

मनुष्य, जब से इसकी रचना हुई है, पृथ्वी पर कभी भी अकेला नहीं रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हम इस ग्रह को जीवों की विभिन्न प्रजातियों, जैसे कि जानवरों और पौधों के साथ साझा करते हैं। लेकिन भले ही हम सोचने, निर्णय लेने और अपने जीवन को कैसे जीना चाहते हैं, यह चुनने की क्षमता के कारण हम खुद को श्रेष्ठ प्रजाति का नाम देते हैं, हम बढ़ना शुरू कर देते हैं। हमारा विकास कई अलग-अलग पहलुओं के बीच है, जैसे कि बुनियादी ढाँचा और जीवन शैली। इसने हमें किसी तरह इस तथ्य की उपेक्षा करने के लिए प्रेरित किया कि हम इस ग्रह पर अकेले नहीं हैं। हम अन्य प्रजातियों को रास्ते से हटाना शुरू कर देते हैं, और हमें कभी-कभी यह एहसास नहीं होता है कि उन अन्य प्रजातियों द्वारा महसूस किए गए प्रभाव के भयानक और कभी-कभी घातक परिणाम होते हैं, और हम कभी-कभी यह समझने में भी असफल होते हैं कि यह हमें नुकसान भी पहुंचा सकता है।

पशुधन जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में 5 मिलियन से अधिक आवारा मवेशी हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मनुष्यों और फसलों पर आवारा गाय का हमला निवासियों के लिए एक मुद्दा है। आवारा मवेशी शहरी क्षेत्रों में यातायात के लिए एक उपद्रव हैं और अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। गाय सड़क के बीच या किनारे या डिवाइडर पर बैठना पसंद करती है क्योंकि तेज गति से चलने वाला यातायात मक्खियों और कीड़ों द्वारा जानवर के शरीर से दूर हो जाता है, और जानवर को हर बार अपनी पूंछ हिलाने की आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रकार उन्हें सड़कों पर बैठना/बैठना आसान, आरामदायक और आरामदायक लगता है। सड़कों पर बैठी इन आवारा गायों में से कई आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की हैं. आम बोलचाल में, आवारा मवेशियों में गाय, बैल या बछड़े शामिल होते हैं जिन्हें छोड़ दिया जाता है क्योंकि वे अनुत्पादक होते हैं

अधिकांश भारत में गायों का वध अवैध है, क्योंकि गायों को हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है। वध विरोधी कानूनों को 2014 तक सख्ती से लागू नहीं किया गया था, जब भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में आई थी। इससे पहले, किसान नियमित रूप से अपनी बूढ़ी गायों को बूचड़खानों में ले जाते थे। 2014 से, उत्तर प्रदेश सहित भारत के 18 राज्यों में गोहत्या को अवैध बना दिया गया है। कृषि उद्योग में बढ़ते मशीनीकरण ने भी मवेशियों को काम करने वाले जानवरों के रूप में उपयोग से बाहर कर दिया है, और मवेशियों के परित्याग के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गौरक्षकों द्वारा गिरफ्तारी, उत्पीड़न और लिंचिंग के डर ने भी मवेशियों के व्यापार को कम कर दिया है। एक बार जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो गाय को खिलाना और उसका पालन-पोषण करना उस किसान पर आर्थिक बोझ बन जाता है जो उसका भरण-पोषण नहीं कर सकता। जिन मवेशियों को किसान बेचने में असमर्थ हैं, उन्हें अंततः भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है।

यह ध्यान देने योग्य है कि मालिक अपनी उपयोगिता खो चुके मवेशियों को छोड़ देते हैं। इन मवेशियों को आवारा मवेशी कहा जाता है जो भोजन की तलाश में गलियों में घूमते हैं या गली के बीच में बैठे देखे जाते हैं क्योंकि उनके पास कोई जगह या आश्रय नहीं है। मवेशियों को तब तक आश्रय में रखा जाता है जब तक वे अपने मालिकों को लाभ प्रदान करते। यह अशुभ है कि जिन गायों और बैलों को देवताओं के रूप में पूजा जाता है, उन्हें त्याग दिया जाता है या उनकी उपेक्षा की जाती है। मवेशी एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं, कृषि प्रणाली का समर्थन करते हैं, और इस तरह पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं। जनवरी 2020 में, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 20 वीं पशुधन जनगणना जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि भारत में 5 मिलियन से अधिक आवारा मवेशी हैं।

देश के कई राज्यों में पूरी मवेशी आबादी का लगभग 50त्न गैर-प्रजनन योग्य श्रेणी में है और इसे अनुत्पादक कहा जा सकता है। ÷ इन आवारा मवेशियों को छोड़ दिया जाता है, और उन्हें अपने दम पर अपना भरण-पोषण करना पड़ता है। सरकार द्वारा आवारा पशुओं के मुद्दे पर विचार करने के लिए समितियां नियुक्त करने और मवेशियों को छोड़ने के लिए कड़ी सजा के प्रस्ताव के बावजूद, अक्सर सुनसान मवेशियों के मालिकों को पहचानने के लिए यह असंभव पाया जाता है। इतना ही नहीं, सूखे, अकाल और बाढ़ जैसी आपदाओं से पीड़ित अपने पशुओं की तो बात ही छोड़िए, किसान मुश्किल से अपना भरण-पोषण कर पाते हैं। ऐसे मामलों में, उनके पास अपने गैर-आर्थिक मवेशियों को छोड़ने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। पिछले कुछ दशकों में, क्रॉसब्रीडिंग पर अत्यधिक ध्यान दिया गया है, और स्वदेशी लोगों की उपेक्षा की गई है। यह भी आवारा पशुओं की आबादी में योगदान करने वाले कारकों में से एक है।

आवारा मवेशियों की समस्या ज्यादातर शहरों में होती है क्योंकि ये चिंता का विषय तो बन ही जाते हैं और कई बार परिवहन व्यवस्था और आम जनता के लिए भी खतरा बन जाते हैं। हालांकि, गांवों में छोड़े गए मवेशी अपना पेट भरने के लिए फसलों पर छापा मारते हैं, जिससे फसलों और किसानों को नुकसान होता है। एक बार जब वे अयोग्य हो जाते हैं, तो उनका पालन-पोषण आर्थिक रूप से गैर-लाभकारी होता है। इस प्रकार, वे या तो पूरी तरह से वीरान हो जाते हैं या अपने मांस से मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए बूचड़खानों को बेच दिए जाते हैं। आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार कई बार हस्तक्षेप कर चुकी है।

आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उन्हें गौशालाओं में रखना ही पर्याप्त और प्रभावकारी नहीं है। सरकार को इससे आगे देखने की जरूरत है और आवारा मवेशियों को पीड़ित होने से बचाने के साथ-साथ इन आवारा मवेशियों के कारण होने वाले खतरे से जनता को बचाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए। लावारिस पशुओं की देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आवारा पशु बोर्ड गठित होना चाहिए। मात्र गौशालाएं स्थापित करना आवारा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं है। सरकार को कृषि सीजन के दौरान किसानों को प्रति बैल रुपये का भुगतान करना चाहिए। यदि पशु-पालन को बढ़ावा दिया जाता है, तो लोग अपने पशुओं को नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा, अगर जानवरों को मालिक की जानकारी के साथ टैग किया जाता है, तो उन्हें उनके मालिकों के पास वापस खोजा जा सकता है।

साथ ही देश में जिस तरह से गौशालाएं काम कर रही हैं, उससे आवारा मवेशियों का क्या भला हो सकता है और किस हद तक। राष्ट्रीय गोकुल मिशन, सरकार की एक पहल भी, वांछित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाई है। भारत की गोशालाओं और देशी नस्लों को समर्थन देने की एक पहल, हालांकि एक लाभप्रद कदम, इसे लागू करने के प्रयास में राज्य सरकारों की ओर से कमी रही है। इसलिए आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए मेनका गांधी की गौशाला नियमावली में की गई सिफारिशों को सरकार द्वारा सख्ती से लागू करने के प्रयास में लिया जाना चाहिए और इसके साथ ही सरकार को अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

# कब प्रशस्त होगी हर नारी



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

अब एक इन्कलाब नारियों की जिजीविषा के नाम भी हो, तो कुछ रुकी हुई ज़िंदगियाँ साँस ले सकें,

सदियों से जन्म लेने को बेताब कुछ एक नारियों के ख़्वाबों का कारवाँ कोख तलाश रहा है।

खिलना है, फलना है, उड़ना है पर न उनके हिस्से की कोई धरा है, न उड़ने को आसमान, दो कूलों की महारानी पड़ी आज भी विमर्श की धार पे।

मरुस्थल में कटहल के पेड़ों सी तरस रही है, उम्मीदों का दीया मन में जलाएँ, तलाश रही है कोई झरना किसी उर से बहता हो कहीं तो, हल्की सी भीग लें।

नारी मन की कल्पनाओं से स्खलन होता है कई उम्मीदों के शुक्राणुओं का, न कोई कोख मिलती है, न हौसलों का अंडा





फलित होने की ख़ातिर पलकें बिछाए बैठी है। दफ़न कर दिए जाते है अरमान कुछ स्त्रियों के ऐसे, जैसे बेटियों के गर्भ को कतरा-कतरा काटकर कोख में ही कत्ल कर दिया जाता है।

लकीरें बांझ ही रहती है, नहीं खिलती कोई कली खुशियों की, सत्तात्मक सोच की बलि चढ़ते कुछ ज़िंदिगियाँ यूँही कट जाती है।

सहचर, सखी, सहगामी फिर भी लाचार, बेबस, बेचारी समाज के तयशुदा मापदंडों पर खरी उतरने के लिए ही जन्मी, कब तक चरित्र का प्रमाण देती रहेगी।

बदलाव की बयार हल्की सी उठते जानें कब बवंडर का रुप लेगी, जो हर प्रताड़ीत वामाओं की लकीरों से दर्द का दरख़्त उड़ाकर ले जाएगी।

बेबस, असहाय, अकिंचन नारियों को देख नारी दिन का मनाना मृत्यु पर्यात की क्रिया लगती है, यथार्थ इतना क्रूर कि बलात्कार की हर घटना तमाचे की तरह समाज के गाल पर पड़ती है।

विमर्श है तो परिमार्जन का मार्ग, जो सदियों से कलम तोड़ हुआ, प्रशस्त कब होगी हर नारी इस सवाल पर चलो अब काम किया जाए।

# डगमगाता रुपया



शाम लाल कौशल
रोहतक हरियाणा

आजकल संसार के अनेक देशों को डॉलर की कमी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है ! इन देशों की मुद्राओं का मूल्य डॉलर के मुकाबले में धड़ाम नीचे जा रहा है मूल्य सिद्धांत के प्रवर्तक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्शल ने कहा था कि मांग और पूर्ति मिलकर किसी वस्तु या सेवा का मूल्य निर्धारित करते हैं! अगर पूर्ति के मुकाबले में मांग कम हो जाए तो उसकी कीमत कम हो जाती है! और अगर उसकी मांग पूर्ति के मुकाबले में बढ़ जाए तो उसकी कीमत बढ़ जाती है! वर्तमान परिपेक्ष में डॉलर की मांग ज्यादा है जिसकी वजह से अन्य देशों की मुद्राओं के साथ-साथ भारतीय रुपए के मुकाबले में डॉलर का मूल्य बढ़ रहा है! यहां यह समझ लेना चाहिए कि किसी देश की मुद्रा का मूल्य दूसरे देश की मुद्राओं के मुकाबले में बहुत ज्यादा होना या बहुत कम होना दोनों ही ठीक नहीं! परंतु वर्तमान परिपेक्ष में रुपए के मुकाबले में जो डॉलर का मूल्य बढ़ रहा है उसका भारतीय अर्थव्यवस्था के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है! इससे बाहर से मंगवाई जाने वाली वस्तुएं महंगी हो जाती हैं, फल स्वरूप आंतरिक मूल्य में भी वृद्धि होती है और वही कुछ आजकल भारत में हो रहा है! इतना ही नहीं देश पर विदेशी कर्जे का वह भी बढ़ जाता है! अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महाबली डॉलर का प्रभाव लगभग सभी देशों में देखने को मिलता है! दुनिया में 85त्न कारोबार डॉलर में होता है, 39 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय ऋष्ण डॉलर में दिए जाते हैं, 65त्न डॉलर का प्रयोग अमेरिका से बाहर किया जाता है! यही कारण है कि हम डॉलर को महाबली डॉलर कहते हैं!

इन दिनों रूस तथा यूक्रेन के बीच पिछले 8 महीनों से चल रहे युद्ध के कारण भारत के विदेशी व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ा है और हमारी डालर को लेकर मांग बढ़ गई है और हमें इसकी आपूर्ति इतनी नहीं होती जिसके फलस्वरूप .1 का मूल्य बढ़ कर लगभग ₹80 हो गया है ऐसा माना जाता है कि 2014 से लेकर अब तक भारतीय रुपए के मूल्य में डॉलर के मुकाबले 25त्न कमी आई है! आई है! अगर ताइवान तथा चीन में युद्ध छिड़ गया तो भारत के विदेशी व्यापार पर ज्यादा विपरीत प्रभाव पड़ेगा जिससे डॉलर के मूल्य में रुपए के मुकाबले में और भी वृद्धि हो सकती है! डॉलर के मुकाबले में रुपए के मूल्य के कम होने का मुख्य कारण कोरोना महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध, भारतीय निर्यात में कम वृद्धि तथा आयात में ज्यादा वृद्धि है! हम विदेशों से तेल, पेट्रोल, गैस, दवाइयों के लिए कच्चा माल, रसायन, कोयला आदि आयात करते हैं! ऐसा माना जाता है कि 2022-23 के अप्रैल से जुलाई तक के 4 महीनों में हमारा व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर रहा! रुपए के मुकाबले में डॉलर के मूल्य में वृद्धि होने से घरेलू कीमतों में वृद्धि होती है! एक अनुमान के अनुसार 2022 में थोक मूल्य में लगभग 15.8 प्रतिशत तथा खुदरा मूल्यों में लगभग 7.8 प्रतिशत वृद्धि हुई! आरबीआई ने कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए रेपो रेट बढ़ाकर बाजार में मुद्रा के प्रवाह को कम करने की नीति बनाई है! लेकिन इस नीति का विपरीत प्रभाव भी हो सकता है! इससे निवेश तथा मांग में कमी होने के कारण कुल उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है! भारत को रुपए के मुकाबले में डालर के मूल्य में वृद्धि के संकट का जो सामना करना पड़ रहा है उसका एक कारण यह भी है कि अमेरिका ने ब्याज की दरों में वृद्धि कर दी है जिसकी वजह से निवेशक लोग भारत समेत अन्य देशों से भी अपनी पूंजी निकालकर अमेरिका के बैंकों में जमा करवा कर ज्यादा लाभ कमा रहे हैं जिसकी वजह से भारत जैसे देशों में डॉलर की मांग के मुकाबले में पूर्ति कम है जिसकी वजह से डॉलर का मूल्य बढ़ रहा है तथा रुपए का मूल्य कम हो रहा है! इस समय भारत के पास 573 अरब डॉलर का कोष है जिसमें से कुछ राशि निकाल कर मार्केट में जारी करके डॉलर की पूर्ति बढ़ाकर उसके मूल्य को और बढ़ने से रोका जा सकता है! रूस और चीन ने डॉलर से छुटकारा पाने का तरीका ढूंढ लिया है! भारत को चाहिए कि संसार के जो जो देश डॉलर के संकट में से गुजर रहे हैं उनके साथ वह डॉलर के बदले रुपए में व्यापार करना शुरू कर दे इससे भारत की डॉलर के लिए मांग कम हो जाएगी और उसका असर भारतीय रुपए पर नहीं पड़ेगा

इस समय भारत में रुपए के मुकाबले में जो डॉलर का मूल्य बढ़ रहा है उस समस्या का समाधान करने का तरीका यही है कि भारत अपने निर्यातों को बढ़ाए तथा आयातों को नियंत्रित करें और व्यापार घाटा कम करें! इसके अलावा प्रवासी भारतीयों को विदेशी मुद्रा भारत में भेजने के लिए प्रेरित करें! इस समय सरकार ने विदेशी मुद्रा बांड की नीति में कुछ ढील दी है इससे भी भारत में डॉलर की आपूर्ति बढ़ सकती है! लेकिन हमें यथाशीघ्र डॉलर की मांग पर कंट्रोल करने तथा पूर्ति को बढ़ाने के उपाय अपनाकर रुपए की कीमत में कमी को रोकना चाहिए! इससे एक तो देश में कीमतों मैं वृद्धि नहीं होगी और दूसरे देश का पैसा विदेशों में जाने से रुक जाएगा! हमें अपने देश की मुद्रा के मूल्य को एक सम्मानजनक स्तर पर बनाए रखने के लिए यथासंभव उपाय करने चाहिए!



# सियासी ड्रामे का ओवरडोज!

आम आदमी पार्टी का बनना और एक राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित होना एक बेहद नाटकीय घटनाक्रम रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे के आंदोलन से निकली यह पार्टी एक धारणा का प्रतिनिधित्व करती है। वह धारणा मीडिया और प्रचार के जरिए लोगों के दिमाग में बैठाई गई है। अन्ना हजारे का आंदोलन भी प्रचार के जरिए किया गया एक इवेंट था, जिससे देश भर के लोगों में यह धारणा बनाई गई की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार भ्रष्ट है और उसे बदल देना है। राष्ट्रीय स्तर पर इसका फायदा भाजपा व नरेंद्र मोदी को मिला और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने इसका फायदा उठाया। यह संयोग है कि उसी समय से नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों अपनी नाटकीयता से और प्रचार तंत्र के जरिए धारणा बनाने-बिगाड़ने की राजनीति में ही लगे रहे।

अब इस नाटकीयता या सियासी ड्रामे का ओवरडोज हो रहा है। हर बात को लेकर ऐसा ड्रामा रचा जा रहा है, इस तरह की बयानबाजी हो रही है और उसका इतना प्रचार हो रहा है कि वास्तविक मैसेज कहीं विलीन हो जा रहा है। सरकारी साधनों के दम पर आम आदमी पार्टी ने प्रचार का ऐसा तंत्र विकसित किया है कि उसे अपनी हैसियत से कई गुना ज्यादा मीडिया कवरेज मिलती है और ज्यादातर मामलों में सकारात्मक मीडिया कवरेज मिलती है, जिसके दम पर वह वास्तविक घटनाक्रम को दरकिनार कर अपनी पसंद का नैरेटिव स्थापित करने में कामयाब हो जाती है।

राजनीति में नाटकीयता और नेता में अभिनय क्षमता की जरूरत होती है। लेकिन उसकी सीमा होती है। कोई नेता सारे समय अभिनय करता नहीं रह सकता है। फिल्म अभिनेता हर समय अपने कैरेक्टर में रहते हैं। वे वास्तविक जीवन में भी अभिनय ही कर रहे होते हैं। ज्यादातर समय लिखित संवाद बोलते हैं। ड्रामे का कुछ वैसा ही ओवरडोज आम आदमी पार्टी की राजनीति का हो रहा है। उसके नेता सारे समय लिखित पटकथा के मुताबिक काम कर रहे होते हैं और उसी के अनुरूप संवाद बोल रहे होते हैं। हर राजनीतिक घटना को इवेंट में तब्दील करते हैं और उसका फायदा लेने वाले नैरेटिव गढ़ कर मीडिया के जरिए उसका प्रचार कराते हैं। प्रचार का बजट बेहिसाब बढ़ा कर पार्टी की दिल्ली सरकार ने मीडिया के एक बड़े हिस्से को वश में किया है, जो उसकी नाटकीयता का प्रचार करता है। हर नेता में एक अभिनेता होता है और हर राजनीति में कुछ नाटकीयता होती है लेकिन उसकी सीमा है। आप की राजनीति उस सीमा का अतिक्रमण करके काफी आगे निकल गई है।





अभी दिल्ली की नई शराब नीति को लेकर मनीष सिसोदिया के यहां सीबीआई के छापे का मामला देखें तो आम आदमी पार्टी का हर नेता अलग अलग नाटक में लगा है। एक प्रहसन में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को पीड़ित बता कर शहीद का दर्जा दिया जा रहा है तो एक प्रहसन में सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बता कर नायक बनाया जा रहा है। पूरे मामले में वस्तुनिष्ठ तरीके से कोई बात नहीं कर रहा है। आम आदमी पार्टी ने या मनीष सिसोदिया ने एक बार यह नहीं कहा है कि नई शराब नीति एक नीतिगत फैसला था, पूरी कैबिनेट ने फैसला किया था और हम उस फैसले पर कायम हैं।

यह भी नहीं कहा जा रहा है कि उस नीतिगत फैसले में क्या कमी थी, जिसकी वजह से उसे वापस लिया गया। यह भी नहीं कहा जा रहा है कि किसी सरकार के नीतिगत फैसले के ऊपर कोई मुकदमा कैसा हो सकता है, अगर उस फैसले से किसी व्यक्ति ने या पार्टी ने निजी लाभ अर्जित नहीं किया है? अपनी नीति का बचाव करने या केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई का तर्कपूर्ण तरीके से जवाब देने की बजाय भावनात्मक बातें की जा रही हैं, शौर्यगाथा सुनाई जा रही है और ड्रामे किए जा रहे हैं।

किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया में ट्विट किया कि सिसोदिया महाराणा प्रताप के वंशज हैं तो उस ट्विट के अरविंद केजरीवाल ने रिट्विट किया और इस पर मुहर लगाई। सवाल है कि अगर वे महाराणा प्रताप के वंशज नहीं होते तो क्या उनके ऊपर कार्रवाई जायज हो जाती या तब पार्टी का जवाब देने का अंदाज अलग होता? जब सत्येंद्र जैन गिरफ्तार हुए तब केजरीवाल ने क्यों नहीं कहा था कि वे भगवान महावीर के वंशज हैं? यह कैसी जातीय मानसिकता है, जिसमें बचाव में अपनी जाति के गौरव का गान हो? जिस दिन से छापा पड़ा है उस दिन से अलग अलग नाटक चल रहे हैं। पहले दिन यह प्रहसन चला कि सिसोदिया दुनिया के नंबर वन शिक्षा मंत्री हैं। हो सकता है कि वे ब्रह्मांड के नंबर वन शिक्षा मंत्री हों लेकिन उसका शराब नीति से क्या लेना-देना है! पार्टी शराब नीति पर जवाब क्यों नहीं दे रही है? इसके अगले दिन लुकआउट सरकुलर की खबर आई तो उस पर नाटक हुआ। सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ सरकुलर नहीं जारी किया था, लेकिन सिर्फ मीडिया के सहारे राजनीति करने वाली पार्टी के नेताओं ने इस पर प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। सिसोदिया ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि 'यह क्या नाटक है, मैं दिल्ली में घूम रहा हूं और आपको मिल नहीं रहा हूं'! सोचें, क्या दिल्ली के उप मुख्यमंत्री को लुकआउट सरकुलर का मतलब नहीं पता है? क्या वे भगोड़ा घोषित किए जाने या वारंट जारी होने और लुकआउट नोटिस में फर्क नहीं समझते? लुकआउट नोटिस का सरल मतलब यह होता है कि व्यक्ति देश से बाहर नहीं जा सकता है। सोचें, सिसोदिया के खिलाफ नोटिस जारी भी नहीं हुआ लेकिन पार्टी ने पूरी कथा कह डाली।

इसके बाद खुद को विक्टिम बताते हुए सिसोदिया ने कहा कि 'हम काम करना तभी बंद करेंगे, जब हमें जान से मार दिया जाएगा'। इसके अगले दिन यानी तीसरे दिन यह नैरेटिव बनाया गया कि भाजपा ने सिसोदिया को कहा था कि वे आप तोड़ कर भाजपा के साथ चले जाएं तो सारे केस खत्म कर देंगे। यहीं बात कहते हुए शिव सेना के नेता संजय राउत जेल गए। उन्होंने भी कहा था कि भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि वे शिव सेना तोड़ दें तो सारे मुकदमे खत्म कर दिए जाएंगे। चाहे संजय राउत हों या सिसोदिया हों उनके इस तरह के बयानों से विपक्ष को फायदा हो सकता है। यह नैरेटिव बन सकता है कि भाजपा विपक्षी पार्टियों को तोड़ने के लिए केस करा रही है, एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन अगर सिसोदिया यह बताते कि किसने उनको मैसेज दिया, कब दिया और कैसे दिया तो ज्यादा विश्वसनीयता बनती। अभी यह सिर्फ प्रचार पाने का तरीका लग रहा है। इससे आरोप की विश्वसनीयता नहीं बनती, बल्कि आरोप हास्यास्पद हो जाते हैं।

पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अद्भुत नाटकीयता दिखा रहे हैं। छत्रसाल स्टेडियम में 15 अगस्त के भाषण और उसके दो दिन बाद तालकटोरा स्टेडियम में 'मेक इंडिया नंबर वन' मिशन लांच करते समय दिया गया भाषण इसकी मिसाल है। केजरीवाल ने तरह तरह की भाव भंगिमा बनाते हुए कहा कि भगवान ने भारत के लोगों को बेस्ट बनाया, भगवान ने भारत के लोगों को सबसे इंटेलीजेंट बनाया, भगवान ने भारत को बनाते समय इसे सब कुछ दिया, पहाड़ दिए, नदियां दीं, जंगल और खनिज दिए। दिल्ली में बैठ कर वे जिस तरह से देश की जनता को संबोधित कर रहे हैं उससे उनकी अति महत्वाकांक्षा जाहिर होती है। असल में ऐसा लग रहा है कि नाटक करते करते आम आदमी पार्टी के नेता उसे हकीकत समझने लगे हैं और उसी में जीने लगे हैं।

-अजीत द्विवेदी-

## कास ये गीत तुम पढ़ पाते



सोमेश देवांगन
कबीरधाम
छत्तीसगढ़

लिख रहे हैं गीत तुम्हारे लिए
कास ये गीत तुम पढ़ पाते..
मिले थे तुम हमको जब से
गुन गुना के थे गीत लिखते
थोड़ी खुशियां थोड़े थे गम
गम छुपा के हम थे लिखते
पर की पीड़ा हमने लिखी
खुद की पीड़ा न थे लिखते
लिखने बैठे है आज तो हम
कास ये गीत पूरा कर पाते
लिख रहे हैं गीत तुम्हारे लिए.....
उलझा हुआ है दिल तो मेरा
सुलझा उसको हम लिखते
सोया नही कई रातों से मैं
उठ हाले दिल को लिखते
टपक रहे इन आँखों से आँसू
जब तेरा नाम इसमे लिखते
नाम अपना तुम्हे दे-दे कैसे
जुबा से मेरा नाम ले ना पाते
लिख रहे हैं गीत तुम्हारे लिए.....
मखमली कोमल ये हरियाली
बंजर सी धरती भी लिखते
परियों की प्रेम कथा सुनके
कैसे टूटे दिल को हम लिखते
सुनता कभी प्रेम गीतों को मैं
अधूरी कहानी कैसे लिखते
पढ़ न पाये हम कभी तुमको
पढ़कर तुझे हमव लिख पाते
लिख रहे हैं गीत तुम्हारे लिए.....
सीखा तुमसे ही मैं तो लिखना
तुम्हे देख के हम तो लिखते थे
भाव भर के तब उभर आते थे
नाम लेकर तुम्हारा लिखते थे
बीते कल पल पल को लिख
आने वाले कल को लिखते थे
बीते हुवे पलो को याद करके
भूलके तेरा नाम नही लिख पाते
लिख रहे हैं गीत तुम्हारे लिए.....
लिख रहे गीत तुम्हारे लिए
कास ये गीत तुम पढ़ पाते......

## यह मेरा प्यारा हिंदुस्तान है



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

यह मेरा प्यारा हिंदुस्तान है
इसकी गौरव बड़ी महान है
तेरा सुपावन अद्भुत नाम है
तुझे शतशत मेरा प्रणाम है।
जहां होता अनुपम प्रभात है
जहां घंटियों की आती निनाद है
जहां शंख ध्वनि की शंख नाद है
जहां स्तुति गान और अरदास है।
जहां सूरज का पड़े प्रकाश है
और हर लेते तमस का नाश है
जहां फूल कली की मुस्कान है
जहां पंछी करते गौरव-गान है।
मेरे देश की चंदन पावन माटी है
यह तो अनमोल हमारी थाती है
इस मिट्टी में ही शस्य श्यामला है
जहां की हरियाली रंग-रंगीला है।
यहां ही बहते सरिता निर्मल है
जहां त्रिवेणी संगम कलकल है
जहां गंगा जमुना.. की धारा है
जो पतित पावन जग से न्यारा है।
यह देव धर्म की पावन धरती है
जहां ज्ञान भक्ति धारा बहती है
यहां पुण्य तीरथ चारो धाम है
तेरा अखंड भारत पावन नाम है।

## गीत



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

शिक्षित होकर जीवन रण में,
विजय ध्वजा लहराना है।
कोई अबला नार नहीं मैं
करके सिद्ध दिखाना है।
शादी करके बाबुल भूले
चाह स्कूल जाने की थी।
बाँध दिया जंजीरों से ही
आस गगन पाने की थी।
बेटी को जो भार समझते
अब उनको समझाना है।
कोई अबला नार नहीं मैं
करके सिद्ध दिखाना है...
चूड़ी बिंदिया कहती मुझसे
अभी नहीं तू बड़ी हुई।
कर विरोध इस परिपाटी का
जिसकी बेड़ी पड़ी हुई।
अपनी क्षमता से समता का
साक्ष्य यहाँ दिखलाना है।
कोई अबला नार नहीं मैं
करके सिद्ध दिखाना है...
बेटी होना श्राप नहीं है
धर्म- वेद सब कहते हैं।
देवी कहते जब नारी को
शील-भंग क्यों सहते हैं?
हाथ बढ़ाए जहाँ दुशासन
कृष्ण स्वयं बन जाना है।
कोई अबला नार नहीं मैं
करके सिद्ध दिखाना है...

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# झमाझम बारिश ने ड्रेनेज सिस्टम की खोली पोल


-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
बीती रात हुई झमाझम बारिश से निगम क्षेत्र में दर्जन भर से ज्यादा मकान धराशायी हो गया। आधा दर्जन से ज्यादा वार्डो में जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गयी।महापौर,एमआईसी प्रभारी पार्षदों सहित निगम का अमला सारी रात व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। प्रभावित लोगों के लिये के लिए सरगुजा सदन को अस्थायी राहत केंद्र बनाया गया है। बुधवार रात हुई बरसात से। नवागढ़, गंगापुर, महादेव गली, खैरबार रोड़, मिशन चौक, बौरीपारा में घरों में बारिश का पानी भर गया। कई घरों में बर्तन तैरने लगे । निचली बस्तियों मे बने कच्चे मकान ध्वस्त हो गए।महात्मा गांधी वार्ड में सर्वाधिक 11 मकान गिरे, वीर नारायण सिंह वार्ड में 3 एवम लोक नायक जयप्रकाश वार्ड में एक घर गिरने की सूचना है। जल जमाव की जानकारी मिलते ही नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एवम श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष शफी अहमद निगम के अमले के साथ पानी निकासी की व्यवस्था में लगे रहे। प्रभावित क्षेत्रों के पार्षद भी सारी रात पानी निकालने की कवायद कर रहे थे।कई स्थानों पर जेसीबी से काट कर पानी निकालने की अस्थायी व्यवस्था बनाई गई। गुरुवार की सुबह कांग्रेस नेताओं, नगरनिगम और राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक,श्रम आयोग अध्यक्ष शफी अहमद, महापौर डॉ अजय तिर्की,महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद दीपक मिश्रा,वीरनारायण वार्ड पार्षद सतीश बारी, जयप्रकाश नारायण वार्ड पार्षद अजय सिंह बबलू,पार्षद सुनैना सोनी निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई,एसडीएम प्रदीप साहू,ईई सन्तोष रवि और दल बल के साथ प्रभवित क्षेत्रो का निरीक्षण कर राहत कार्य का जायजा लिया। आवश्यक निर्देश दिये।

### दो साल से रुकी नाली का निर्माण होगा

लोक नायक जय प्रकाश वार्ड में अरुण सिंह के घर के पास पानी भरने से 30-40 घरों में पानी भर गया था।यहां बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा था, वार्ड के ही कतिपय लोगो ने नाली निर्माण कार्य रोकवा दिया था।आज निगम की टीम ने दबावपूर्वक कार्य प्रारंभ कराया। पुलिस लाइन से बौरी तालाब की ओर जाने वाली सड़क किनारे पुरानी नालियों को चौड़ा किया जाएगा।

### सरगुजा सदन में राहत केन्द्र

जिन लोगों के मकान ध्वस्त हुए हैं उनके लिए सरगुजा सदन को अस्थायी रूप से राहत केंद्र बनाया गया है बेघर हुए लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उनके रहने और खाने की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। राजस्व विभाग की टीम को प्रभावित लोगों के मुआवजा प्रकरण तैयार कर अविलंब मुआवजा मैंने कहा गया है।



### स्वास्थ्य मंत्री ने किया निरक्षण,दिए दस लाख

कई घरों में पानी भरने और मकान की गिरने की खबर पाकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने प्रभावित क्षेत्रों में जाकर स्थिति का अवलोकन किया।उन्होंने प्रभावितों से बात की।सड़क और नालियों का जायजा लिया। बौरी पारा में प्रस्तावित नाला निर्माण के लिए विधायक निधि से दस लाख रुपये देने की घोषणा की।उन्होंने निगम के अमले को तत्काल राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस दौरान श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष शफी अहमद, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमन्त सिन्हा, अरविंद सिंह गप्पू, प्रमोद चौधरी,आशीष वर्मा सतीश बारी प्रभात रंजन सिन्हा, मग्गू, अरुण बाबा,सन्तोष पटवारी, देवेंद्र सिंह सहित अन्य साथ थे।

### 90.2 मिमी हुई रिकार्ड तोड़ बारिश

मौसम विज्ञानी के अनुसार बुधवार की रात अम्बिकापुर सहित लगभग पूरे सरगुजा संभाग पर मानसून की उल्लेखनीय सक्रियता नजर आई। नगर में हुई 3 घण्टे की गरज चमक के साथ अति मूसलाधार वर्षा और उसके बाद सुबह तक होती रही। वर्षा से इस वर्ष के अब तक के वर्षा में 90.2 मिमी के इजाफे के साथ कुल नगरीय मानसूनी वर्षा का आंकड़ा 720.1 मिमी तक पहुंच गया है।

वर्तमान में खाड़ी और अन्य मानसूनी तत्वों की दशाओं पर नजर डालें तो मानसून द्रोणिका की पूर्वी छोर अपने सामान्य अवस्था के आसपास रहते हुए ग्वालियर, प्रयागराज, रांची, बांकुरा से मिजोरम के पूर्वी हिस्से से होते हुए बांग्लादेश और त्रिपुरा तक विस्तृत नजर आ रहा है।

इस समय बंगाल की खाड़ी में म्यामार तट के पास से सक्रिय हुआ चक्रवाती परिसंचरण अब पश्चिमोत्तर खाड़ी में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर दक्षिण-पश्चिम की झुकाता हुआ सक्रिय दिख रहा है। तमिलनाडु के उत्तरी अंदरूनी हिस्से में भी 3.1 से 5.8 किमी की ऊंचाई पर एक अन्य चक्रवाती घेरा भी सक्रिय है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार अगले दो दिनों तक छत्तीसगढ़ में वर्षा का कारक होने की संभावनाओं को बल प्रदान करता है।

# आजाद सेवा संघ सरगुजा ने ग्राम कनाडा की समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा की उपस्थिति में एवं आजाद सेवा संघ ग्रामीण महासचिव संजय बड़ा के नेतृत्व में ग्राम की समस्याओं को लेकर अंबिकापुर के गाड़ी चौक में धरना प्रदर्शन किया गया एवं खूब नारेबाजी किया गया और ज्ञापन के माध्यम से वहां की समस्या के बारे में अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। वहां की समस्या कुछ इस प्रकार सी हैं। ग्राम धनुडाड़ से कनाडाड़ गांव में प्रवेश करने के लिए पुलिया नहीं है जिसके कारण गांव वासियों को गांव में प्रवेश करने के लिए बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और बरसातों के दिनों में नदी का पानी ऊपर आने के वजह से वहां के ग्राम वासियों आने जाने के लिए नदी से तैरकर जाना पड़ता है और पुलिया ना होने के कारण स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि ग्राम में संजीवनी एक्सप्रेस पहुंच सकती है ना माता री एक्सप्रेस नाही मुक्त जली शव वाहन पहुंच सकती है यह सब समस्या झेलने को ग्रामीण जनता मजबूर हैं,और पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा 20 परिवार से ग्राम में निवासरत है और इस समस्या को झेलने को मजबूर हैं और ग्राम वासियों का कहना यह है कि 5 साल पहले पुलिया बनने के लिए पास हो गया था पर कुछ दिन काम चलने के बाद काम बंद हो गया। कनाडाड़ गांव में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रकार की सड़क नहीं है कच्चा पगडंडी वाला रास्ता है जिससे अपना घर पहुंचते हैं, इसी के ही बीच में एक नदी है,हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ग्राम वासियों के द्वारा मुरूम रोड का मांग किया जा रहा है। ग्राम धनुडाड़ में बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं पर वहीं से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर कनाडाड़ गांव है पर वहां बिजली के खंभे नहीं लगाए जा रहे हैं जिसके कारण वहां के ग्राम वासियों को बिजली को लेकर समस्या झेलना पड़ रहा है ग्राम वासियों के द्वारा मांग किया जाता है कि कनाडाड़ गांव तक बिजली के खंभे लगाए जाएं। ग्राम कनाडाड़ में मोहल्ले के हिसाब से पानी की टंकी लगी हुई हैं पर बहुत से मोहल्ले में पानी की सप्लाई नहीं होती है जिसके कारण आज ग्राम वासियों को आने के लिए बहुत सारे मशक्कत करने पड़ते हैं।ग्राम कनाडाड़ में एक प्राथमिक पाठशाला का ग्राम वासियों द्वारा मांग किया जा रहा है क्योंकि वहां के छात्रों को करीब 5 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे प्राथमिक पाठशाला जाना पड़ता है जिसके कारण बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन के द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि आज से ही वहां निरीक्षण कर कार्यवाही शुरू किया जाएंगे।आजाद सेवा संघ सरगुजा एवं ग्राम वासियों के द्वारा चेतावनी देते हुए कहा कि 7 दिवस के अंतराल में निरीक्षण कर कार्यवाही शुरू किया जाएंगे नहीं तो 7 दिवस के पश्चात आजाद सेवा संघ एवं ग्राम वासियों के द्वारा इससे भी उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रदेश सचिव रचित मिश्रा सुभाष चौहान प्रतीक गुप्ता दिलेश्वर ठाकुर आनंद पटेल अभिनव चतुर्वेदी अतुल गुप्ता रवि गुप्ता अंकित दुबे हर्ष सोनी प्रमोद यादव राहुल प्रेम शंकर लाकड़ा रामेश्वर कोरवा विपिन अतीत मोती प्रेमसाय रंजीत लाल शाह मिट्ठू रोशन कंसाई सहदेव राम गुल्लू जगदीश संजय बड़ा विजय रिधान सहाय सत्यम शुभम रणवीर अमन हर्ष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# अधिकारी कर्मचारी संघ ने निकाली कुसमी में रैली



-उपेश सिन्हा-
**कुसमी , 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
विकासखंड कुसमी मुख्यालय में भारी संख्या में आज छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा 34त्न प्रतिशत मंहगाई भत्ता 7 वें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर रैली निकाली गई ,बताया गया कि चतुर्थ चरण के हड़ताल में संघ के आह्वान पर तहसील संयोजक संजीव कुमार शर्मा एवं ब्लॉक संयोजक राजेंद्र प्रसाद भगत की अगुवाई में समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी स्थानीय दुर्गा मंडप में उपस्थित होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए पूर्णतया अनुशंसित होकर स्थानीय दुर्गा मंडप में पहुँचे फिर वहाँ से नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय बस स्टैंड में एक आम सभा आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारियों की लंबित मांगों को तत्काल पूर्ण करने का आह्वान किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष हरकेश भारती ,शिक्षक संगठन से शशांक दुबे शिक्षक ,लिपिक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुनील सिन्हा, लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नूर उल हक अजाक्स संघ कुसमी के अध्यक्ष सौरभ कुमार जल संसाधन विभाग के अनिल कुमार सिन्हा पेंशनर संघ कुसमी के पवन साय सोनवानी सहित विकासखण्ड में विभिन्न शासकीय विभागों में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी गण भारी संख्या में शामिल रहे।

## आम आदमी पार्टी के लोगो ने आंगनबाड़ी भवन को लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय को सौपा




-उपेश सिन्हा-
**कुसमी , 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम केदली में 7 सालों से आधे अधुरा हालात में पड़े आंगनबाड़ी भवन को लेकर दिनांक-24/08/2022 को बलरामपुर कलेक्टर के नाम एडीएम कार्यालय कुसमी को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सकील अंसारी - जिला संगठन मंत्री, बीरेंद्र बुनकर - सामरी विधानसभा उपाध्यक्ष, कमलेश्वर राम, सीताराम के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया ,ज्ञापन में यह बताया गया है कि ग्राम - केदली का आंगनबाड़ी भवन 7 वर्षों से अधूरा निर्माणाधीन है जिसके कारण आंगनबाड़ी का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने घर पर कर रही है ,भवन की वजह से छोटे छोटे बच्चों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है ,आंगनबाड़ी भवन लम्बे समय से अधूरे हालत में पड़ा हुआ है पड़ा हुआ है जिसकी सुध अधिकारी नही ले रहे है जिससे भवन में भ्रष्टाचार के आरोप भी आमआदमी पार्टी के लोग लगा रहे है आमआदमी पार्टी भवन की विधिवत जांच कर कार्यवाही की मांग भी कलेक्टर से ज्ञापन के माध्यम से कर रहे है।

# सरगुजा में जीएसटी के साथ बीएसटी भी की जा रही वसूली:अमित जोगी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
सरगुजा में जीएसटी के साथ बीएसटी भी वसूला जा रहा है। अमित जोगी ने कहा जैसे जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा जाता है, वैसे बीएसटी को भूपेश सरकार टैक्स नाम दिया गया है। उक्त बातें धौरपुर के दिवंगत कांग्रेसी नेता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के स्वजनों से मुलाकात व शोक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अमित जोगी ने सरगुजा प्रेस क्लब अंबिकापुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए की। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा उन्होंने कहा बारिश विलंब से होने के कारण किसान फसल उत्पादन का पूरा लाभ नहीं ले पाए। 60 से 70 प्रतिशत किसान धान की रोपाई से वंचित रह गए। सूखे की स्थिति को देखते हुए सरकार को अनावरी रिपोर्ट तैयार करने युद्धस्तर पर तैयारी करनी चाहिए, जिससे किसानों को मुआवजा समय पर मिल सके और राहत कार्य चल सके। पूर्व विधायक अमित जोगी ने कहा सरगुजा संभाग के लोगों ने कांग्रेस को अभूतपूर्व जनादेश दिया है, जिससे प्रदेश में जबरदस्त बदलाव की उम्मीद थी। कई बातें कही गई थी लेकिन पौने चार साल हो गए 99 प्रतिशत काम नहीं किए गए। बदलाव की जगह बदले की भावना से सरकार काम करने लगी। सरगुजा संभाग खनिज माफियाओं का गढ़ बना हुआ है। सीमावर्ती इलाके से लगा क्षेत्र होने के कारण सरकार के सांठगांठ करके अपार खनिज संपदा रेत, कोयला, बाक्साइट, ग्रेनाइट प्रदेश से बाहर स्मगल किया जा रहा है। पूरे देश में एक कर प्रणाली जीएसटी लागू है लेकिन यहां जीएसटी के साथ बीएसटी भी लागू है। एक ट्रक कोयला, रेत का 16 से 17 हजार रुपये बीएसटी देना पड़ रहा है। जीएसटी में भले ही छूट मिल जाए लेकिन बीएसटी की वसूली पूर हो रही है। अभूतपूर्व भ्रष्टाचार तंत्र पहली बार देखने को मिल रहा है।

पूर्व विधायक अमित जोगी ने कहा कि सरगुजा संभाग में पिछले 22 वर्षों में बहुत परिवर्तन हुए हैं, लेकिन स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले में बहुत पीछे हैं। उन्होंने कहा वे भारत सरकार से मांग करेंगे कि सरगुजा और बस्तर संभाग में रायपुर की तर्ज पर एम्स खोला जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद पहला एम्स रायपुर में खोला गया, इसके लिए उनके पिता ने अटल बिहारी वाजपेयी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सुषमा स्वराज से आग्रह किया था। अमित जोगी ने कहा कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर मांग करेंगे कि बस्तर और सरगुजा में भी एम्स खोला जाए। साथ ही स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल के छात्रों की ओर से आग्रह करेंगे कि लखनपुर में एक दानदाता ने अपनी जमीन दान में देकर सामाजिक सरोकार का कार्य कर वहां शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज खोला था, उस कॉलेज को बंद कर अंबिकापुर में शिफ्ट कर दिया गया है, जबकि सरकार को अंबिकापुर में एक नया इंजीनियरिंग कॉलेज खोलना था। वह भवन खाली पड़ा है, उस भवन का वैकल्पिक उपयोग होना चाहिए।




# केरजु में शीघ्र खुलेगा पुलिस चौकी

## कलेक्टर व एसपी ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारिये को दिए जरूरी निर्देश

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर अमल करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा सीतापुर विकासखण्ड के ग्राम केरजु में शीघ्र पुलिस चौकी की स्थापना हेतु तेज पहल शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने गुरुवार को ग्राम केरजु पहुंचकर पुलिस चौकी स्थापना हेतु स्थल चिन्हांकन करते हुए अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केरजु के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रथम तल का निर्माण किया जाएगा जिसमें पुलिस चौकी संचालित होगा। निर्माण कार्य के लिए करीब 4 लाख 82 हजार की स्वीकृति मिली है। निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत केरजु में विगत दिनों से हो रही तेज बारिश के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने बाजार स्थल में शेड बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव जमा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही हर घर को जल जीवन मिशन से जोड़ने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों का किया हौसला आफजाई- कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेटला का निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्रा-छात्राओं से रू-ब-रू हुए और उन्हें भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचने हेतु हौसल आफजाई किए। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अंग्रेजी व संस्कृत के कई शब्दो के सही उच्चारण भी बताए। उन्होंने छात्रों से सवाल भी पूछे। कुछ छात्रों की आईएएस और आईपीएस बनने की जिज्ञासा को शांत करते हुए जरूरी मार्गदर्शन दिए। उन्होंने छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे चलकर कलेक्टर-एसपी बनने की शुभकामनाएं दीं। छात्रों की इच्छा पर कलेक्टर और एसपी ने उनके साथ फ़ोटो खिंचवाई। स्कूल में छात्रों को टॉफियां भी बांटी गई। उन्होंने शिक्षकों के द्वारा की जा रही अध्यापन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने कहा।



इसके पूर्व कलेक्टर व एसपी ने सीतापुर थाने का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री अनमोल टोप्पो, जनपद सीईओ श्री संजय मरकाम, सहायक परियोजना अधिकारी श्री आरएस पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को बांटा गया वेंडर कार्ड एवं परिचय पत्र

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
महापौर डॉ अजय तिर्की के मार्गदर्शन में गुरूवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्टीय शहरी आजीविका मिशन अम्बिकापुर योजनार्न्तगत नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के शहरी पथ विक्रेताओं को वेंडर कार्ड एवं वेंडर परिचय पत्र का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेंडर कार्ड एवं वेंडर परिचय पत्र प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त हितग्राहियों को वितरित किया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर के गांधी चौक स्थित डाटा सेन्टर में किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, सहायक परियोजना अधिकारी श्री रितेश सैन , लीड बैंक मैनेजर श्री प्रियेश गौतम, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक श्री संतोष कुमार, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के श्री सुमित, सिटी मिशन प्रबंधक श्री सौरभ राय, श्री प्रवीण घोष, श्रीमती जयन्ती सिंह श्रीमती निशा सिंह, सामुदायिक संगठक श्री ऋषि कुमार राजवाड़े श्री अरविंद केशरी एवं शहर के पथ विक्रेतागण उपस्थित थे ।

# आज निवेशकों के खाते में क्रेडिट होंगे शेयर,कल शेयर बाजार में होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली , 25 अगस्त 2022।** लंबे समय के बाद किसी कंपनी की आईपीओ से जुड़ी सकरात्मक खबरें आ रहीं हैं। यह कंपनी हे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग सर्विसेज देने वाली कंपनी Syrma SGS Technologies. कंपनी का आईपीओ बंद हो चुका है। लंबे अंतराल के बाद किसी कंपनी के आईपीओ इश्यू को निवेशकों का बढ़िया रिस्पॉन्स मिला है।

यह आईपीओ 12 अगस्त से 18 अगस्त के बीच खुला था। इसे 32.61 गुना तक सब्सक्राइब किया गया है। इस कंपनी के शेयर भी अलॉट किए जा चुके हैं और गुरुवार को ये आईपीओ हासिल करने में सफल होने वाले निवेशकों के डीमैट खाते में जमा हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को Syrma SGS Technologies के शेयर एनएसई और बीएसई पर लिस्ट हो जाएंगे। बाजार के जानकारों के मुताबिक ग्रे मार्केट में भी कंपनी का प्रीमियम लगातार बढ़िया बना हुआ है।




### किस प्राइस बैंड पर आया है कंपनी का आईपीओ?

Syrma SGS Technologies के आईपीओ के लिए 209 रुपये से 220 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था। इस आईपीओ का कुल साइज 840 करोड़ रुपये है। इसके एक लॉट में 68 शेयर हैं। कंपनी के आईपीओ के लिए बोली लगाने के लिए कम से कम 14,960 रुपये का निवेश करने की आवश्यकता थी। एक निवेशक अधिक से अधिक 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता था। इसका मतलब यह था कि एक निवेशक अधिकतम 1,94,480 रुपये का निवेश कर सकता था।

इस कंपनी के प्रमोटर्स में संदीप टंडन, जसबीर सिंह गुजराल, वीणा कुमारी टंडन और टैनकॉम इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। आईपीओ के आंकड़ों के हिसाब से कंपनी में प्रमोटर्स भी हिस्सेदारी 58.78 फीसदी है।

# ग्लोबल मार्केट में बढ़ सकती हैं तेल की कीमतें

**नई दिल्ली , 25 अगस्त 2022।** ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमतें गुरुवार को तीन हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों के बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एशियाई बाजार में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इससे पहले बुधवार को वैश्विक बाजार में शुरुआती कारोबार में अमेरिकी क्रूड फ्यूचर 34 सेंट की बढ़त के साथ 95.23 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जबकि ब्रेंट क्रूड फ्यूचर 51 सेंट उछलकर 101.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



तेल के कारोबार को करीब से जानने वालों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार मे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के दो प्रमुख कारण है। पहला कारण साऊदी अरब का यह कहना है कि ओपेक कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती करने पर विचार कर सकता है। साऊदी अरब की इस चेतावनी के बाद क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल आने लगी। बता दें कि ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड ने बीते मंगलवार को कच्चे तेल की कीमत 100.22 डॉलर प्रति बैरल निर्धारित की थी।

# धोनी के निवेश वाली कंपनी भारतीय सेना को मुहैया कराएगी ड्रोन सेवाएं



**नई दिल्ली , 25 अगस्त 2022।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के निवेश वाली ड्रोन कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस भारतीय सेना को अपनी विशेषज्ञ सेवा मुहैया कराने के लिए तैयार है। कंपनी सेना को यह सेवा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क का पता लगाने, उन्हें रोकने और बाधित करने करने के लिए चलाए जा रहे विशेष मिशनों को पूरा करने के लिए देगी।

बता दें कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना के पैराशूट रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं।

उधर, भारतीय सेना ने भी आधुनिक युद्ध में ड्रोन का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की है। कंपनी ने हाल ही में 250 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन पर अपनी 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीरीज ए फंडिंग हासिल की है।

कंपनी के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा है कि गरुड़ एयरोस्पेस ने भारतीय सेना की मदद करने के उद्देश्य से अद्वितीय अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उत्पाद तैयार किए हैं। अपनी रणनीतिक और सामरिक सेवाओं के दौरान कंपनी बहुउद्देशीय ड्रोन का उपयोग करेगी।

# क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में लौटी रौनक

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** क्रिप्टोकरेंसी इनवेस्टर्स के लिए गुरुवार का दिन उम्मीद भरा रहा। पिछले कई दिन से जारी गिरावट के बाद बिटकॉइन और ईथर जैसी बड़ी क्रिप्टोकरेंसीज की कीमतों में गुरुवार को इजाफा देखने को मिला।



दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में गुरुवार को 1 पर्सेंट की बढ़त दिखाई दी। बिटकॉइन बढ़त के साथ 21,522 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी का कुल मार्केट कैप गुरुवार को 2 पर्सेंट की बढ़त के साथ 1 ट्रिलियन डॉलर के ऊपर रहा। पिछले 24 घंटे में क्रिप्टोकरेंसी का कुल मार्केट प्राइस 1.15 डॉलर पर लगभग फ्लैट रहा। दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय डिजिटल करेंसी एथेरियम ब्लॉकचेन की ईथर की कीमतों में भी इजाफा देखने को मिला। ईथर गुरुवार को 3 पर्सेंट की बढ़ोतरी के साथ 1,673 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। वहीं, डॉगकॉइन का कुल मार्केट प्राइस भी गुरुवार को 1 पर्सेंट के इजाफे के साथ 0.06 डॉलर पर ट्रेड कर रहा है। कई और डिजिटल करेंसी की कीमतों में भी गुरुवार को इजाफा देखने को मिला। पिछले 24 घंटे में बीएनबी, चेनलिंक, एपिकॉन, एक्सआरपी, युनीसेप, लिटकॉइन, स्टेलर, पॉलीगॉन, सोलोना, पोलकाडॉट, टीथर के मार्केट प्राइस में इजाफा देखने को मिला।

# 5 जी पर आईटी मिनिस्टर का बड़ा एलान, देश में इस तारीख से शुरू हो सकती है सेवा

**नई दिल्ली, 25 अगस्त 2022।** केंद्रीय सूचना और तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हम देश में 5जी सेवाओं को तेजी से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूरसंचार कंपनियां इस इस संबंध में काम कर रहे हैं और तकनीकी इंस्टालेशंस किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जतायी है कि देश में 12 अक्तूबर तक 5जी सेवा शुरू हो जाएगी। उसके बाद शहरों और कस्बों में इसका विस्तार किया जाएगा।




### तीन वर्षों में देश के हर हिस्से में पहुंचेगा 5जी

वैष्णव ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि अगले दो से तीन वर्षों में 5जी देश के हर हिस्से में पहुंच जाएगा। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि यह किफायती रहे। दूरसंचार उद्योग 5जी सेवाओं के विस्तार के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।'

### 5जी सेवाओं की कीमतें रहेंगी अफोर्डेबल

बता दें कि इससे पहले इस महीने की शुरुआत में भी केंद्रीय मंत्री वैष्णव कह चुके हैं कि देश में अक्तूबर महीने से 5जी सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। उस दौरान कंद्रीय मंत्री ने कहा था कि भारत का टेलीकॉम मार्केट दुनिया में सबसे सस्ता मार्केट है। देश में 5त्र सेवा की कीमतें भी अफोर्डेबल होंगी, आम आदमी भी 5त्र सेवाओं का लाभ ले पाएगा।

### भारत में नहीं होगा 5जी से रेडिएशन का खतरा

इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से नुकसान के सवाल पर केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा था कि हमारे यहां रेडियेशन का लेवल अमेरिका और यूरोप से भी 10 गुना कम रहेगा, जिससे यहां रेडियेशन का खतरा नहीं रहेगा।

### 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में इन कंपनियों ने हासिल किए हैं स्पेक्ट्रम

आपको बता दें कि देश में 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी पूरी हो चुकी है। देश में कुल 1,50,173 करोड़ रुपये के 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की गई है। देश की तीन कंपनियों ने सबसे ज्यादा स्पेक्ट्रम खरीदे हैं, जिसमें रिलायंस जियो ने 24,740Mhz स्पेक्ट्रम, भारती एयरटेल ने 19867Mhz स्पेक्ट्रम और वोडाफोन-आइडिया ने 6228Mhz स्पेक्ट्रम की खरीदारी की है। नई कंपनी के तौर पर अदाणी डाटा नेटवर्क भी 5जी की दौड़ में शामिल हुई है।

# त्वचा पर निखार लाने का काम करेंगे नींबू से बने ये 8 फेस पैक,जानें और आजमाए

विटामिन C युक्त नींबू का सेवन घरों में कई तरीकों से किया जाता हैं। कभी नींबू पानी के तौर पर तो कभी सब्जी का स्वाद बढ़ाने में। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्वाद में खट्टापन देने वाला यह नींबू त्वचा पर निखार लाने का भी काम करता हैं। टैनिंग और सनबर्न जैसी कई अन्य समस्याओं से बचाव के लिए नींबू का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। त्वचा को अंदरूनी पोषण देने के लिए आज इस कड़ी में हम आपको कुछ फेस पैक की जानकारी देने जा रहे हैं। ये फेस पैक साफ, सुंदर और चमकती हुई त्वचा दिलाने का काम करेंगे। इन फेस पैक को घर में मौजूद चीजों से मिनटों में तैयार किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### एलोवेरा और नींबू का फेस पैक

स्किन का ग्लो बढ़ाने के लिए आप नींबू के रस को ऐलोवेरा जेल में मिक्स करके चेहरे और गर्दन पर लगाएं। अब 2 से 3 मिनट के लिए हल्के हाथों से मसाज करें। रात को सोते समय इसका उपयोग करें और रातभर लगा रहने दें। आपकी त्वचा में प्राकृतिक चमक बढ़ने लगेगी। क्योंकि ऐलोवेरा जेल आपकी त्वचा को हील करेगा और नींबू त्वचा को नैचरल ब्लीच के गुणों से पोषण देगा। हर दिन इसका उपयोग करें और चाहें तो चेहरे और गर्दन के साथ ही आप हाथों पर भी इसका उपयोग करें। क्योंकि स्लीवलेस पहनने पर हाथों की त्वचा भी रंगत खोने लगती है।

### केले और नींबू का फेस पैक

यदि त्वचा में रफनेस बढ़ रही है, चेहरे पर या शरीर में अन्य जगहों पर भी गर्मी और धूप के कारण पैचेज बन रहें और फिर स्किन निकल रही है या उस स्किन में खुरदरापन बढ़ रहा है तो केले और नींबू का रस आपके लिए किसी रामबाण औषधि की तरह काम करेगा। पहले केले को मैश करके उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में नींबू निचोड़ लें। तैयार मिक्स से प्रभावित त्वचा पर 5 से 7 मिनट तक मालिश करें और फिर 15 मिनट के लिए इसे लगा छोड़ दें। इसके बाद ताजे पानी से धोकर साफ कर लें। आप हर दिन इसका उपयोग कर सकती हैं।

### टमाटर और नींबू का फेस पैक

आप आधा टमाटर लेकर उसे मैश करके पेस्ट बना लें। अब इसमें आधा नींबू निचोड़ लें। तैयार पेस्ट को पैक की तरह चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 20 से 25 मिनट के लिए लगा रहने दें और फिर ताजे पानी से धोकर साफ कर लें। यह पैक ऑइली स्किन की समस्याओं को दूर करने में बहुत अधिक प्रभावी है। इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा पर ऐक्ने, पिंपल और बहुत अधिक सीबम आने की समस्याएं दूर हो जाएंगी। आप एक दिन छोड़कर इस घरेलू नुस्खे का उपयोग कर सकती हैं।

### पपीता और नींबू का फेस पैक

एक ताजे पपीते से कुछ



क्यूब्स काट लें और पपीते का गूदा तैयार करने के लिए इन्हें ब्लेंड करें। इसमें एक बड़ा चम्मच ताजा नींबू का रस मिलाएं और एक साथ मिलाएं। अपनी उंगलियों का इस्तेमाल करके मिश्रण को पूरे चेहरे पर 2-3 मिनट के लिए गोलाकार मोशन में धीरे से मसाज करें। इसे 15-20 मिनट के लिए त्वचा पर लगा रहने दें। इसके बाद ताजे पानी से धो लें। इस स्किन लाइटनिंग फेस पैक को सप्ताह में दो या तीन बार दोबारा लगाएं। इसके इस्तेमाल से दाग-धब्बे दूर होते हैं। साथ ही दमकती त्वचा होती है।

### मुल्तानी मिट्टी और नींबू का फेश पैक

नींबू और मुल्तानी मिट्टी का फेश पैक बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच नींबू का रस और एक बड़ा चम्मच दही को कटोरी में डालकर मिला लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा लें। सूख जाने पर चेहरे को पानी से धो लें। इसके इस्तेमाल से ब्लैकहेड्स, दाग-धब्बे समेत अन्य समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। अगर आपकी त्वचा रूखी है तो आप इसमें शहद भी मिला सकते हैं।

### शहद और नींबू का फेस पैक

शहद और नींबू का फेस पैक बनाने के लिए ऑर्गेनिक शहद बेहतर माना जाता है। इसलिए हो सके तो आप इसी का इस्तेमाल करें। फेस पैक बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच ऑर्गेनिक शहद, एक चम्मच नींबू का रस और एक छोटा चम्मच पानी को बाउल में मिला लें। इस तरह से ये पैक तैयार हो जाएगा। अब इसे अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाकर रखें, सूखने पर पानी से चेहरे को धो लें। इसके इस्तेमाल से त्वचा जवां और झुर्रियों से मुक्त रहती हैं।

### ग्लिसरीन और नींबू का फेस पैक

ग्लिसरीन, नींबू का रस और पानी बराबर मात्रा में लें। इसे एक साथ मिलाएं और मिश्रण को चेहरे के साथ-साथ गर्दन पर भी लगाएं। आप मिश्रण को अपने रूखी त्वचा पर लगाएं। इससे कुछ मिनट के लिए धीरे से मसाज करें और फिर 10-15 मिनट तक लगा रहने दें। इसे ताजे पानी से धो लें। प्राकृतिक रूप से मुलायम त्वचा के लिए इस फेस पैक का इस्तेमाल नियमित रूप से कर सकते हैं।

### आलू और नींबू का फेस पैक

आलू और नींबू का फेस पैक बनाने के लिए तीन चम्मच आलू का रस और एक चम्मच नींबू का रस को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे या जहां टैनिंग हो रही है वहां लगा लें। इसे दो कोट में लगाएं। पहले करीब 3 मिनट तक लगाकर सूखने के लिए छोड़ें, इसके बाद एक और कोट लगाएं। इस तरह से हफ्ते में 2 से 3 बार करने पर आपको फायदा नजर आएगा। आलू और नींबू से त्वचा पर नैचुरल ब्लीच के जैसा असर होता है। इसके अलावा त्वचा का रंग भी निखारता है।

# इन कारणों से बढ़ सकता हैं आपका अचानक वजन,करें इनमें सुधार की कोशिश

वजन बढ़ना वर्तमान की आम समस्याओं में से एक हैं। आबादी का एक बड़ा हिस्सा इससे परेशान हैं कि उनका वजन नियंत्रण में नहीं रह पाता हैं जिस कारण से शरीर में कई अन्य प्रकार की व्याधि होने लगती हैं। वैसे देखा जाए तो वजन बढ़ने का मुख्य कारण आपका गलत खानपान और एक्सरसाइज ना करना हैं। लेकिन कई फैक्टर ऐसे हैं जो अचानक वजन बढ़ने का कारण बनते हैं। अगर आपको इन वजहों की जानकारी हो तो इनमें सुधार करके वजन को बढ़ने से रोका जा सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको उन कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे शरीर का वजन अचानक बढ़ने लगता हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### नमक का अधिक सेवन


नमक में सोडियम पाया पाया जाता है, जिस कारण नमक के सीमित सेवन से हमारे शरीर में पानी की उचित मात्रा बनी रहती है। वहीं, इसका अधिक सेवन शरीर में पानी की अधिकता और वॉटर रिटेंशन का कारण भी बन सकता है।

### थायराइड की दवा न खाना

थायराइड होने पर डॉक्टर दवा देते हैं। कुछ लोग थायराइड की दवा को अनदेखा कर देते हैं। आपको बता दें कि अगर आपको थायराइड है, तो दवा खाना न छोड़ें। दवा न खाने के कारण हार्मोन असंतुलित हो सकते हैं और वजन तेजी से बढ़ सकता है। नियमित दवा का सेवन न करने से बीपी बढ़ सकता है और थकान महसूस होती है। अगर आपको थायराइड स्तर कंट्रोल में है, तो डॉक्टर की सलाह पर डोज कम करवाएं लेकिन डॉक्टर की सलाह के बगैर दवा छोड़ने की गलती न करें।

### ज्यादा स्ट्रेस लेना

लगातार दो से तीन दिनों तक स्ट्रेस लेने से भी वजन बढ़ जाता है। इससे आपके शरीर में ज्यादा कोर्टिसोल रिलीज होता है। जिसके कारण आपके शरीर में फैट स्टोर होने लगता है। इससे दूर रहने के लिए योग या मेडिटेशन को ट्राई कर सकते हैं। इससे आपका दिमाग भी शांत रहेगा।



### ज्यादा कैलोरीज लेना

एक स्वस्थ पुरुष को 2000 से 2500 कैलोरीज रोजाना लेनी चाहिए। वहीं महिला को 1800 से 2200 कैलोरीज लेनी चाहिए। अगर आप इससे ज्यादा कैलोरीज का सेवन करेंगे, तो वजन बढ़ सकता है। कई लोग बिना कैलोरीज चेक किए ही डाइट लेने लगते हैं जो शरीर के लिए नुकसानदायक है। आपको सुबह के नाश्ते से लेकर रात के आखिरी मील तक हर खाने की कैलोरीज का अंदाज रखना चाहिए।

### चीनी वाली चाय पीना

चाय में कैफीन मौजूद होता है, आपको इसका सेवन करने से बचना चाहिए। ज्यादा मात्रा में चीनी वाली चाय का सेवन करने से कैलोरीज बढ़ जाती हैं। कई लोग दिन में दो से तीन बार चीनी वाली चाय का सेवन करते हैं। ऐसा करना उनके हार्ट और बीपी के लिए ठीक नहीं माना जाता। आपको दिन भर में 20 ग्राम चीनी से ज्यादा का सेवन नहीं करना चाहिए। आप हर्बल टी, ग्रीन टी या गुड़ वाली चाय का सेवन कर सकते हैं।

### दवाइयों की वजह से

कुछ दवाइयों के सेवन से शरीर में फ्लूड निकलने की बजाय शरीर में ही अटका रह जाता है। विशेष रूप से इसमें हाई ब्लड प्रेशर, ऐंटी-इन्फ्लैमेटरी और डायबिटीज़ की कुछ दवाइयां शामिल हैं, जो फ्लूड को अवरुद्ध करती हैं। ऐसी दवाइयां लेते समय अपने हेल्थ एक्स्पर्ट से जान लें कि कहीं आपकी दवाइयां वॉटर वेट गेन की वजह तो नहीं बन रही हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन ठीक न होना

अगर आपका ब्लड सर्कुलेशन ठीक नहीं है, तो वजन बढ़ सकता है। जब ब्लड सर्कुलेशन ठीक नहीं होता है, तो शरीर के निचले हिस्से में ब्लड ठीक से फ्लो नहीं हो पाता और शरीर में फ्लूड रिटेंशन हो सकता है। इसके अलावा सोडियम के ज्यादा स्तर से भी वजन बढ़ने की समस्या होती है।

### नींद न आने की समस्या में

आपके नींद से मोटापे का भी कनेक्शन है। अगर आपको कम नींद आती है या आती नहीं तो इससे आपका वेट जरूर बढ़ेगा। ऐसा स्पील साइकल सही ना होने के कारण होता है, जिससे कई ऐसे हानिकारक हार्मोस सक्रीय होते हैं जो वेट ही नहीं आपके मूड को भी खराब कर देते हैं। नींद की कमी के कारण शरीर को अतिरिक्त उर्जा की जरूरत होती है। ऐसे में व्यक्ति काफी ज्यादा कार्बोहाइड्रेड का सेवन करता है। जिसकी वजह से उनका वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

# अक्सर पुरुष अपनी पार्टनर से बोलते हैं ये झूठ, कहीं आपका साथी भी तो नहीं करता ये बात

कोई भी रिश्ता प्यार और विश्वास पर टिका होता है, खासकर पति और पत्नी या गर्लफ्रेंड -बॉयफ्रेंड के बीच विश्वास होना बहुत जरूरी होता है। लेकिन जब रिश्ते के बीच झूठ आने लगे तो रिलेशनशिप खत्म होने में वक्त नहीं लगता है। झूठ किसी मुश्किल परिस्थिति से निकलने का एक सरल तरीका होता है, जो महिला पुरुष, बच्चों से लेकर बड़ों तक कोई भी बोल देता है। कई बार लोग सच को छुपाने के लिए भी झूठ बोलते हैं। कई मामलों में लोग गलती छुपाने तो कई बार धोखा देने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। हालांकि केवल नकारात्मक बातों में ही झूठ नहीं बोला जाता है। अक्सर लोग पार्टनर को खुश करने के लिए या पार्टनर को हर्ट होने से बचाने के लिए भी झूठ बोलते हैं। रिलेशनशिप में पुरुष अपनी महिला पार्टनर से कुछ सामान्य झूठ बोल जाते हैं। चलिए जानते हैं वो झूठ जो पुरुष अपनी पत्नी या गर्लफ्रेंड से बोलते हैं।



### मैं उसे नहीं देख रहा था

अक्सर पुरुष अपनी पत्नी या गर्लफ्रेंड के साथ कहीं बाहर होते हैं, सामने से किसी दूसरी महिला के गुजरने पर वह उसे देखते हैं। लेकिन जब पार्टनर इस बात को नोटिस करते हुए पुरुष को टोंकती है तो वह झूठ बोल जाते हैं कि वह उस महिला को नहीं देख रहे थे या उनका ध्यान कहीं और था।

### तुम बहुत सुंदर दिख रही हो

कई बार लड़के जब अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डेट पर जाते हैं तो उन्हें इम्प्रेस करने के लिए उनकी झूठी तारीफ करते हैं। पुरुष अक्सर महिला के लुक, हेयर स्टाइल या आउटफिट की तारीफ करते हैं, भले ही उन्हें अपनी पार्टनर उतनी भी अच्छी न दिख रही हो लेकिन वह अक्सर कहते हैं कि तुम हमेशा अच्छी दिखती हो।

### तुम मेरा पहला प्यार हो

लड़के अपनी लव लाइफ को लेकर रिलेशनशिप के शुरूआती दौर में अक्सर झूठ बोलते हैं। जैसे लड़की के साथ रिलेशन में आने के लिए वह खुद को सिंगल बता देते हैं। इसके अलावा वह अपनी पार्टनर को ये नहीं बताते कि उनसे पहले उनके जीवन में कोई और लड़की भी थी। पुरुष पत्नी या गर्लफ्रेंड से ये झूठ भी बोलते हैं कि वह उनकी जिंदगी की पहली लड़की हैं।

### मैं सिर्फ तुम्हारे बारे में सोचता हूं

पुरुष अपने पार्टनर को खुश करने के लिए अक्सर कहते हैं कि वह सिर्फ उनके बारे में ही सोचते हैं। पार्टनर जब पुरुष से सवाल करती हैं कि क्या आपको मेरी याद आ रही, तो भी वह झूठ बोल देते हैं कि उन्हें पूरा दिन पार्टनर की याद आई। ये भी झूठ होता है।

# पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता शाहबाज गिल ने देशद्रोह मामले में मांगी जमानत

**इस्लामाबाद, 25 अगस्त 2022।** इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शाहबाज गिल ने गुरुवार को देशद्रोह के एक मामले में जमानत याचिका दायर की, स्थानीय मीडिया ने बताया।

एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शाहबाज गिल, जो इस समय देशद्रोह और सेना में बगावत भड़काने के आरोप में न्यायिक रिमांड पर जेल में है, ने कहा कि उसके खिलाफ मामला राजनीतिक आधार पर दर्ज किया गया था और उसकी टिप्पणियों को गलत संदर्भ में लिया गया था। गिल ने कहा, ÷मैं एक प्रोफेसर हूं और विदेशों में विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्रों को पढ़ा रहा हूं।÷ उन्होंने कहा कि इस मामले में बेईमानी के आधार पर उन्हें फंसाया गया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मामले में उन्हें जमानत देने के लिए अदालत से गुहार लगाई।

इससे पहले बुधवार को इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत ने पीटीआई नेता गिल की रिमांड में सात दिन और बढ़ाने के लिए राजधानी पुलिस के अनुरोध को खारिज कर दिया।

यह फैसला पीटीआई नेता की दो दिवसीय भौतिक रिमांड के रूप में आया था, जिसे पिछले बुधवार को अदालत ने मंजूरी दे दी थी, जो निर्धारित तिथि से काफी बाद में समाप्त हो गई थी क्योंकि अदालत ने पिछली सुनवाई में निष्कर्ष निकाला था कि रिमांड देर से शुरू हुआ और इस तरह अधूरा रहा, डॉन की सूचना दी।

सुनवाई की शुरुआत में शाहबाज गिल को दो दिन की रिमांड खत्म होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया. न्यायिक मजिस्ट्रेट मलिक अमन ने फैसला सुनाया, जिन्होंने गिल को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

सुनवाई के दौरान पीटीआई नेता के वकील फैसल चौधरी ने अदालत से कहा कि उनका इरादा आज पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर कराने का है। हालांकि, न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि अटॉर्नी की शक्ति पर पहले हस्ताक्षर किए गए थे।

इसके बाद उन्होंने वकील से पूछा कि क्या गिल कोर्ट में आए हैं। उस पर, चौधरी



ने नकारात्मक में उत्तर दिया और बताया कि संदिग्ध व्यक्ति तक पहुंचना अभी बाकी था, जब उसके आने का निर्धारित समय दोपहर 1 बजे था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने अदालत से पूछा कि क्या उन्हें अपनी दलीलें शुरू करनी चाहिए। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि बहस से पहले यह देखना होगा कि मामले की फाइल में जांच अधिकारी ने क्या लिखा है। उन्होंने कहा, फाइल अभी यहां नहीं है। बाद में, पुलिस ने गिल को अदालत में पेश किया और उसकी सात दिन की और हिरासत मांगी।

गिल को राज्य के खिलाफ दुष्प्रचार करने में एक निजी पाकिस्तानी टीवी समाचार चैनल के साथ मिलीभगत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि उसे राज्य की संस्थाओं के खिलाफ बयान देने और लोगों को विद्रोह करने के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

पाकिस्तानी प्रकाशन ने दावा किया कि पीटीआई नेता ने एक दिन पहले एआरवाई न्यूज पर बोलते हुए पाकिस्तानी सेना में नफरत फैलाने का प्रयास किया था, जिसे देश के कुछ हिस्सों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

राज्य विरोधी प्रचार करने के लिए निजी टेलीविजन प्रसारक एआरवाई न्यूज पर पाकिस्तान सरकार की कार्रवाई के बीच, नेटवर्क के संस्थापक और सीईओ सलमान इकबाल के साथ इसके दो समाचार एंकरों पर देशद्रोह के आरोप लगाए गए हैं।

गिल को पुलिस ने 9 अगस्त को टीवी पर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के बाद गिरफ्तार किया था, जिसे देश के मीडिया प्राधिकरण द्वारा अत्यधिक घृणित और देशद्रोही माना गया था। इमरान के करीबी को एक निजी टीवी न्यूज चैनल के साथ राज्य विरोधी दुष्प्रचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

विशेष रूप से, पाकिस्तान के नियामक प्रहरी पीईएमआरए ने आरोप लगाया है कि एआरवाई न्यूज चैनल सशस्त्र बलों के भीतर विद्रोह को भड़काकर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट और वर्तमान खतरे के साथ पूर्ण दुष्प्रचार पर आधारित झूठी, घृणित और देशद्रोही सामग्री प्रसारित कर रहा था।

# आईएमएफ ने साफ किया- श्रीलंका को मदद तभी,जब चीन अपने कर्ज में रियायत दे

**कोलंबो, 25 अगस्त 2022।** अपनी टीम के श्रीलंका दौरे से पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि श्रीलंका का आर्थिक भविष्य चीन के पहलू से तय होगा। विश्लेषकों के मुताबिक इसका अर्थ यह है कि श्रीलंका जब तक चीन को अपने कर्ज को रिस्ट्रक्चर करने (चुकाने पर छूट देने) पर राजी नहीं करता, आईएमएफ से उसे सहायता नहीं मिलेगी। आईएमएफ की टीम इस महीने के आखिर में श्रीलंका का दौरा करेगी।



आईएमएफ ने श्रीलंका को जो संदेश भेजा है, उसमें चीन का सीधे नाम नहीं लिया गया है। लेकिन विश्लेषकों के मुताबिक उसमें कही गई बात का मतलब राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सरकार पर इस बात के लिए दबाव बनाना ही है कि वह चीन को कर्ज भुगतान में छूट देने के लिए तैयार करे। आईएमएफ ने कहा है- 'श्रीलंका पर मौजूद कर्ज सुरक्षित नहीं है इसलिए आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड तभी श्रीलंका को सहायता देने के कार्यक्रम को मंजूरी देगा, जब श्रीलंका के कर्जदाता उसे आश्वस्त कर सकें, कि उसे दिया जाने वाला कर्ज सुरक्षित है।'

आईएमएफ का संदेश मिलने के बाद विक्रमसिंघे ने चीन से आग्रह किया कि कर्ज राहत के मामले में वह अपने रुख में बदलाव लाए। वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- 'हमने चीन सरकार को सूचित किया है कि उसे कर्ज को रिस्ट्रक्चर करना होगा। जरूरत इस बात की है कि हमारे सभी कर्जदाता समान भाषा वाले पत्र पर दस्तखत करें। निसंदेह चीन ने इस मामले में अलग रुख अपनाया है, इसलिए यह प्रश्न खड़ा होता है कि बाकी कर्जदाताओं के साथ किस तरह का समझौता हो सकता है, जो चीन को भी पसंद आए।'

विशेषज्ञों की राय है कि आईएमएफ ने श्रीलंका को मदद देने के सवाल को चीन के पाले में डाल दिया है। कोलंबो स्थित वित्तीय कंसल्टैंसी एजेंसी जेपी सिक्योरिटीज के महानिदेशक मुर्तजा जफीरजी ने कहा- 'श्रीलंका को चीन को इस बात के लिए राजी करना होगा कि वह अपने कर्ज में छूट दे।' श्रीलंका की कुल अर्थव्यवस्था 81 बिलियन डॉलर की है। उस पर से ज्यादा 14 बिलियन डॉलर का कर्ज पश्चिमी प्राइवेट निवेशकों का है। इसके बाद एशियन डेवलपमेंट बैंक और विश्व बैंक का कर्ज उस पर है। जापान, चीन और भारत का नंबर उसके बाद आता है।

# पीओके में हो रहे अत्याचारों पर लंदन के कार्यकर्ता ने जताई चिंता,कहा-हर पार्टी को सुधार की जरूरत

**लंदन [यूके], 25 अगस्त 2022।** लंदन स्थित अधिकार कार्यकर्ता सरदार शौकत अली कश्मीरी ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों के अधिकारों पर चिंता जताई और कहा कि हर राजनीतिक दल को सुधार की जरूरत है।

वह लंदन में यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के सम्मेलन और शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर बोल रहे थे।

24 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दौरान यूकेपीएनपी के निर्वासित अध्यक्ष ने पीओके के लोगों की उपेक्षित स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने इमरान खान के शासन का भी जिक्र किया और कहा कि हर पार्टी को सुधार की जरूरत है।

पाकिस्तानी के लिए इमरान खान के एक पृष्ठ के एजेंडे का उल्लेख करते हुए, सरदार शौकत अली कश्मीरी ने कहा, ÷जब हमारे (कश्मीरी के) अधिकार की बात आती है, तो वे बातचीत शुरू करते हैं÷।



लंदन स्थित अधिकार कार्यकर्ता हमेशा पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं जो इस क्षेत्र में अधिकारों का हनन करना जारी रखते हैं और स्थानीय लोगों को बुनियादी अधिकारों से वंचित करते हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रहने वाले शौकत कश्मीरी ने पहले कहा था कि उनके लोगों ने 1948 के बाद से सबसे खराब तरह के भेदभाव का सामना किया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन किया जाता है।

÷जब मैं पीओके में था और कानून में वकील के रूप में काम करता था, तब भी एजेंसियों ने मेरा अपहरण कर लिया था। मेरी गलती यह थी कि मैंने मानवाधिकारों और लोगों के जीवन और स्वतंत्रता से संबंधित मुद्दों को उठाया था, कार्यकर्ता ने एक पॉडकास्ट में कहा था। डबलिन स्थित मानवाधिकार प्रहरी के लिए।

शौकत कश्मीरी ने बताया कि कैसे, जमीन पर कब्जा जो कभी अवैध था, इमरान खान की सरकार की कठपुतली सरकार द्वारा वैध किया गया था।

उन्होंने कहा कि लोगों की वन भूमि पर पाकिस्तानी सेना का कब्जा है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

इससे पहले, शौकत कश्मीरी ने कहा था कि पाकिस्तान में नए शासन को इमरान खान द्वारा छोड़ी गई आर्थिक और राजनीतिक गड़बड़ी की विरासत विरासत में मिली है।

कश्मीरी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवाधिकारों की तेजी से बिगड़ती स्थिति में हस्तक्षेप करने के लिए बार-बार अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दरवाजा खटखटाया है।

हालाँकि, उन्हें अधिक सफलता नहीं मिली है क्योंकि वैश्विक निकाय अब तक जो कुछ भी लेकर आए हैं वह केवल निंदा है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं है।

हालांकि, कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे हार नहीं मानने वाले हैं और पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती और अधिकार बहाल नहीं हो जाते।

इस बीच, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने मार्च में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के सामने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 49वें सत्र का आयोजन किया था।

# नेपाल में आरक्षण खत्म करने की सिफारिश पर उठा जोरदार विवाद

**काठमांडू , 25 अगस्त 2022।** नेपाल में एक संवैधानिक आयोग की कमजोर तबकों के लिए आरक्षण खत्म करने की सिफारिश से देश में नया विवाद खड़ा हो गया है। इस आयोग का गठन पिछड़े वर्गों, विकलांगों, बुजुर्ग लोगों, किसानों, अल्पसंख्यकों, लुप्त हो रहे समुदायों और पिछड़े इलाके के बाशिंदों के संरक्षण के उपाय सुझाने के लिए किया गया था। लेकिन राम कृष्ण तमिलसेना की अध्यक्षता वाले इस आयोग ने इन तबकों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण खत्म करने की सिफारिश कर दी है।

आयोग ने ये रिपोर्ट इस महीने के शुरु में ही राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी को सौंप दी थी। लेकिन इसकी सिफारिशें अब चर्चित हुई हैं। आयोग ने कहा है कि नौकरीशुदा लोगों के प्रोमोशन में किसी भी रूप में आरक्षण का प्रावधान नहीं रहना चाहिए।

आयोग के सदस्य विष्णु माया ओझा के मुताबिक आयोग ने इस बात का अध्ययन किया कि पिछले दो साल में आरक्षण कितना प्रभावी रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरक्षण प्रणाली की समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि इसके ज्यादातर लाभ एक ही परिवार या समूह के लोगों को मिल रहा है। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयोग की इस सिफारिश की आलोचना की है। इस आयोग का नाम इन्क्लूजन कमीशन (समावेशन आयोग) था। आलोचकों ने कहा है कि अपने नाम के विपरीत आयोग ने एक्सक्लूजन (लाभ से बाहर करने) की सिफारिश कर दी है। राष्ट्रीय दलित आयोग के अध्यक्ष देवराज विश्वकर्मा ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा-



आरक्षण व्यवस्था को कैसे खत्म किया जा सकता है। अभी तो इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू भी नहीं किया गया है।

**नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 18 (3) के तहत प्रावधान**

नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 18 (3) के तहत यह प्रावधान है कि नेपाल सरकार किसी के साथ उसके मूल, धर्म, नस्ल, जाति, कबीले, लिंग, आर्थिक स्थिति, भाषा या उसके भौगोलिक संबंध, विचारधारा आदि के आधार पर भेदभाव नहीं करेगी। लेकिन इसी अनुच्छेद में कहा गया है कि कमजोर तबके के लोगों के लिए विशेष उपाय करने का अधिकार उसके पास होगा। इसी प्रावधान के तहत देश में आरक्षण प्रणाली अपनाई गई थी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा है कि आयोग की रिपोर्ट प्रतिगामी है। उन्होंने इसे वंचित समुदायों को अवसरों से और वंचित करने की एक साजिश बताया है। इंडिजीनस नेशनलिटीज कमीशन के अध्यक्ष राम बहादुर थापा ने कहा कि ऐसे कई आयोग हैं, जो आरक्षण नीति खत्म करने का विरोध करेंगे। इसलिए सरकार एक आयोग की सिफारिश पर ऐसा कदम नहीं उठा सकती है। वंचित समूह इस सिफारिश के खिलाफ हैं। इसलिए उसे लागू करने पर समाज में टकराव पैदा होगा।

नेपाल में आरक्षण नीति 2007 में अपनाई गई थी। कुछ विश्लेषकों ने कहा है कि इन्क्लूजन आयोग के गठन का विचार ही दोषपूर्ण था। इसलिए उसकी रिपोर्ट हैरतअंगेज नहीं है। लॉयर्स एसोसिएशन फॉर ह्यूमन राइट्स ऑफ नेपालीज इंडिजीनस पीपुल्स के सचिव शंकर लिम्बू ने कहा है- 'आयोग का गठन ही दुर्भावनापूर्ण ढंग से हुआ था। उसका मकसद वंचित तबकों के अधिकारों में कटौती था। इसलिए मुझे उसकी रिपोर्ट पर कोई आश्चर्य नहीं हुआ है।

# पूर्व पाक पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी पर रोक,जज को धमकाने का मामला

**इस्लामाबाद , 25 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को एक जज को धमकाने के मामले में आज अग्रिम जमानत मिल गई। उनकी गिरफ्तारी पर 1 सितंबर तक रोक लगाई गई है। इस्लामाबाद की आतंकवाद रोधी कोर्ट के जज रजा जावेद अब्बास हसन ने इमरान खान को एक सितंबर तक एक लाख रुपये की गारंटी पर जमानत दी।



पाकिस्तान के जियो न्यूज के अनुसार इमरान खान ने इस्लामाबाद में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के सामने पेश होने के तुरंत बाद एक सार्वजनिक रैली के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकाया था। इसे लेकर उनके खिलाफ आतंकवाद का मामला दायर किया गया है, लेकिन गिरफ्तारी से पहले ही उन्होंने 1 सितंबर तक अंतरिम राहत प्राप्त कर ली। इमरान खान ने पिछले सप्ताह महिला जज को धमकी दी थी।

इमरान खान की जमानत याचिका उनके आज कोर्ट पहुंचने से पहले ही दायर की गई थी। इसमें याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि पीटीआई प्रमुख के खिलाफ आतंकवाद का मामला पुलिस द्वारा बदले की कार्रवाई के रूप में दर्ज किया गया है। डॉन की खबर के अनुसार इमरान के कोर्ट पहुंचने पर फेडरल ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पुलिस और फ्रंटियर कॉर्प्स के जवानों को तैनात किया गया।

**गिरफ्तार किया तो सड़क पर उतरेंगे कार्यकर्ता**

उधर, इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि यदि अपने नेता को गिरफ्तार किया जाए तो वे सड़कों पर उतर आएं और इस्लामाबाद कूच करें।

# भारत ने यूक्रेन से जुड़े मसले पर यूएनएससी में पहली बार रूस के खिलाफ किया मतदान

**वाशिंगटन, 25 अगस्त 2022।** वाशिंगटन, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में यूक्रेन के विषय पर हुए एक ''प्रक्रियात्मक मतदान'' के दौरान बुधवार को पहली बार रूस के खिलाफ मतदान किया।



संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को इस दौरान वीडियो-टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। रूस की सेना ने फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इसके बाद से यूक्रेन के मामले पर भारत ने पहली बार रूस के खिलाफ मतदान किया है। अभी तक नयी दिल्ली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन के मामले से बचता रहा है, जिससे अमेरिका समेत पश्चिमी देश नाखुश हैं। यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक और अन्य प्रतिबंध लगाए हैं।

बता दें कि भारत ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले की निंदा नहीं की है। नयी दिल्ली ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति और वार्ता के मार्ग पर लौटने की कई बार अपील की है और दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने के सभी कूटनीतिक प्रयासों में सहयोग व्यक्त किया है। गौरतलब है कि भारत दो साल के लिए यूएनएससी का अस्थायी सदस्य है। उसका कार्यकाल दिसंबर में समाप्त होगा। सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वर्षगांठ पर छह महीने से जारी युद्ध की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की। जैसे ही बैठक शुरू हुई, संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली ए नेबेंजिया ने वीडियो टेली-कॉन्फ्रेंस द्वारा बैठक में जेलेंस्की की भागीदारी के संबंध में एक प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया।

# बारिश और बाढ़ से तबाह हुआ पाकिस्तान,अब सरकार को विदेशी मदद से आस

**इस्लामाबाद, 25 अगस्त 2022।** जिस समय पाकिस्तान में आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती जा रही है, देश में बारिश और बाढ़ ने भी जबरदस्त तबाही मचा दी है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत मदद देने की गुजारिश की है। शरीफ सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के दक्षिण एशिया में हो रहे विनाशकारी असर से प्रभावित हुआ है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उसकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।

तेज बारिश और बाढ़ से खास तबाही सिंध, बलूचिस्तान और पंजाब प्रांतों में हुई है। वैसे खैबर पख्तूनवा में भी कई मौतें होने की खबर मिली है। गुरुवार सुबह सरकारी तौर पर बताया गया कि इस आपदा के कारण नौ सौ से ज्यादा लोग मर चुके हैं। इसके अलावा खेती और पशुओं को भारी नुकसान हुआ है। सैकड़ों घर और सड़कें बह गई हैं। जिस समय देश पहले से ही आर्थिक मुसीबत में है, यह नुकसान उस पर एक अतिरिक्त मार के रूप में आई है।



पाकिस्तान की जलवायु परिवर्तन मामलों की मंत्री शेरी रहमान ने कहा है- 'रिकॉर्ड मात्रा में हुई बारिश के कारण ऐसी तबाही आई है, जैसा युगों में कभी एक बार देखने को मिलता है।' उधर मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में असामान्य रूप से जोरदार बारिश का सिलसिला बीते एक महीने से चल रहा है। लेकिन पिछले तीन दिन में हालात बहुत बिगड़ गए हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सिर्फ बलूचिस्तान प्रांत में 710 किलोमीटर सड़क और 18 पुल पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। लगभग 20 हजार घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस प्रांत में लगभग 225 लोगों और पांच लाख से अधिक पशुओं की जान जाने की भी खबर है। अन्य प्रांतों से भी ऐसी खबरें मिली हैं।

शेरी रहमान ने एक विदेश न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा- 'प्रांतों की बात तो दूर है, पाकिस्तान की संघीय सरकार भी इस जलवायु विनाश के परिणामों का अकेले मुकाबला कर सकने की स्थिति में नहीं है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं और सैकड़ों लोगों की जान खतरे में हैं। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण हो गया है कि विदेशों में स्थित हमारे पार्टनर सहायता इकट्ठा करें।'

पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक- स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने एक सर्कुलर जारी कर सभी कॉमर्शियल बैंकों को निर्देश दिया है कि वे बाढ़ पीड़ितों के लिए अनुदान इकट्ठा करें। पाकिस्तान सरकार ने भी देश के लोगों से उदारता से प्रधानमंत्री राहत कोष में दान देने की अपील की है। इसके लिए सरकार ने एक अलग के खाता भी खोला है। इसमें विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानी भी अनुदान भेज सकते हैं।

पाकिस्तान के अलग-अलग प्रांतों की सरकारों ने भी अनुदान जुटाने की मुहिम शुरू की है। सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री ने सभी परोपकारी और कल्याणकारी संस्थाओं से इस काम में जुटने की गुजारिश की है। पाकिस्तान सरकार ने देश-विदेश की संस्थाओं से टेंट, मच्छरदानी, बिस्तर, खाद्य पदार्थ, दवाएं और अन्य जरूरी सामान की मदद देने की अपील की है।

# भारत-अमेरिका युद्धाभ्यास से घबराया चीन,सीमा विवाद का जिक्र कर किया विरोध

**इस्लामाबाद , 25 अगस्त 2022।** उत्तराखंड में होने वाले भारत-अमेरिका के संयुक्त सेनाभ्यास पर चीन की चिंता बढ़ गई है। उसने इसे सीमा मुद्दे से जोड़ते हुए गुरुवार को अपना विरोध जताया। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह सीमा मुद्दे में किसी भी तीसरे पक्ष के दखल देने का कड़ा विरोध करता है और उम्मीद करता है कि भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सैन्य अभ्यास नहीं करने के द्विपक्षीय समझौतों का पालन करेगा। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल तान केफेई ने हाल ही में हिमालय की दक्षिणी तलहटी में भारत-अमेरिका द्वारा संयुक्त युद्ध अभ्यास करने के सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। अक्टूबर में एलएसी के करीब उत्तराखंड के औली में ÷वॉर एक्सरसाइज÷ (युद्ध अभ्यास) कोड नाम से एक संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजित करने की योजना है।

**चीन-भारत सीमा मुद्दे पर तीसरे पक्ष के दखल का विरोध**

चीनी सेना के प्रवक्ता ने एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम चीन-भारत सीमा मुद्दे में किसी भी रूप में दखल देने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष का कड़ा विरोध करते हैं। हमारा हमेशा से यह कहना रहा है कि दो देशों के सैन्याभ्यास के दौरान किसी तीसरे पक्ष को लक्षित न किया जाए। इसका मकसद क्षेत्रीय शांति और स्थिरता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच का सीमा विवाद दो देशों के बीच का मामला है और इसमें किसी तीसरे की जरूरत नहीं है।



**चीन बोला- दोनों देशों ने लगातार संवाद किया है**

तान केफेई ने कहा कि दोनों देशों ने लगातार संवाद किया है। हर स्तर पर बातचीत जारी रही है। उन्होंने कहा कि चीन और भारत के बीच 1993 एवं 1996 में समझौते हुए थे। अमेरिकी सेना का भारत आकर अभ्यास करना इनका उल्लंघन है। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि इन दो समझौतों के मुताबिक कोई भी देश एलएसी के पास सैन्याभ्यास नहीं कर सकता। कर्नल केफेई ने कहा, उम्मीद है कि भारतीय पक्ष दोनों देशों के नेताओं और संबंधित समझौतों पर महत्वपूर्ण सहमति का सख्ती से पालन करेगा, द्विपक्षीय संवाद के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगा।

1993 और 1996 के समझौतों का चीनी रक्षा मंत्रालय का संदर्भ दिलचस्प है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी में विवादित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सैनिकों को भेजा जिससे एक बड़ा सैन्य गतिरोध पैदा हो गया है जो अभी भी जारी है। भारत ने कहा है कि पीएलए की कार्रवाई द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन है। सैन्य और कूटनीतिक वार्ता की एक श्रृंखला के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण तट पर और गोगरा क्षेत्र में सेना हटाने की प्रक्रिया पूरी की।

# चोरी का साइलेंसर कहां बेचा जाता था क्या वहां पहुंच पाएगी पुलिस ?

» मारुती इको कार साइलेंसर चोरी से वाहन मालिक परेशान,पुलिस ने मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार।
» चोरों ने सरगुजा से 76 एवं बिलासपुर से 17 मारुती इको कार साइलेंसर चोरी की घटना को दिया था अंजाम।
» सरगुजा एवं बिलासपुर से 93 साइलेसर हुई थी चोरी जिसकी कीमत थी लगभग 46 लाख 50 हजार।
» सरगुजा महानिरीक्षक ने मामले को सुलझाने वाले पुलिसकर्मियों को 25 हजार नगद पुरस्कार देने की घोषणा।
» मारुती इको कार के साइलेंसर चोरी करने वाले गिरोह के सरगना तक पहुची पुलिस ?
» इको कार साइलेंसर चोरी करने वाले गिरोह के सरगना तक पहुंचना पुलिस की चुनौती।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
मारुती इको कार के साइलेसर की चोरी को लेकर वाहन मालिक काफी परेशान थे सरगुजा व बिलासपुर संभाग से तकरीबन 93 इको कार के साइलेंसर चोरी की घटना सामने आई थी, जिसकी कीमत लगभग 46 लाख 50 हजार बताई जा रही थी, जो चोरों ने पकड़े जाने पर कबूल भी किया, पुलिस ने इको मारुति कार साइलेसर की चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को पकड़ा है पुलिस ने आरोपियों से साइलेंसर व साइलेंसर चोरी में इस्तमाल औजार के साथ पांच आरोपियों को किया गिफ्तार, महा निरीक्षक में इस मामले को सुलझाने वाले पुलिसकर्मियों को 25 हजार नगद पुरस्कार देने की घोषणा। पर अभी तक पहली सफलता मिली है, पर माना जा रहा है कि इस वारदात में बहुत बड़ा गिरोह काम कर रहा है और अभी यह चोरी थमने वाली नहीं, आखिर इस गिरोह के सरगना तक कब पहुंचेगी पुलिस? विवरण इस प्रकार है कि, कोरिया जिले में विगत कुछ माह से मारूती इको कार के साइलेंसर चोरी की घटना लगातार बढ रही थी जिसे पकड़ने के लिए पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज अजय कुमार यादव द्वारा निर्देश दिया गया था, जिस पर पुलिस अधीक्षक, कोरिया त्रिलोक बंसल द्वारा कार्ययोजना तैयार कर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था, इसी तारतम्य में थाना मनेन्द्रगढ़ में एक ही रात में चार इको कार के साइलेंसर चोरी करने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक, कोरिया त्रिलोक बंसल की कार्ययोजना अनुसार तुरन्त ही मनेन्द्रगढ़ से सभी दिशाओं में टीम रवाना की गई। रात्रि एक टीम द्वारा सिद्ध बाबा घाट के नीचे तीन व्यक्ति बैठे मिले जिन्हें थाना तलब कर पुछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम नीरल किन्ही, अंजीत खाखा, आशीष किन्डो बताया। उनके पास बैग की तालाशी लेने पर उनके बैग में 04 नग मारुती इको कार का साइलेंसर का टुकड़ा मिला, विस्तृत पूछताछ करने पर उन्होने सब्जी मंडी, मौहारपारा, चनवारीडांड से कुल 04 नग साइलेंसर काट कर चोरी करना कबूला तथा उसमें से 02 नग साइलेंसर को सिद्ध बाबा घाटी मे छुपाना बताया, जिसे आरोपीयों की निशानदेही पर बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। चूंकि जिले में अन्य स्थानों में भी इको गाडी का साइलेंसर चोरी हुई थी, इसलिए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर पूछताछ की गई, पूछताछ दौरान आरोपियो ने बताया कि उन्होनें अम्बिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर में भी अपने साथीयों के साथ 76 गाडीयों के साइलेंसर चोरी करने की बात कबूल की है, यह इसे एक निर्धारित तरीके से रायगढ़ भेजने की बता बताई। सम्पूर्ण कार्यवाही में कमलाकांत शुक्ला थाना प्रभारी चिरमिरी, सचिन सिंह थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़, सहायक उप निरीक्षक आरएन गुप्ता, प्रधान आरक्षक इस्तेवाक खान, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, प्रमोद यादव, राकेश शर्मा, शस्रू यादव, हाफिज कुरैशी, सोनल पाण्डेय, विनित सोनी, ओमप्रकाश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अपराधियों की कार्ययोजना

आरोपी निरल, आशीष, अंजीत, थामस, प्रकाश, एवं 04 अन्य साथी सभी अम्बिकापुर मे रह कर मजदूरी का काम करते थे, आरोपी प्रकाश एवं अन्य 02 किसी काम से रायपुर गये, वहां उन्होने मारुती इको गाडी के साइलेंसर के बारे में जानकारी प्राप्त की, उन्हें पता लगा कि उपरोक्त साइलेंसर में कुछ कीमति पदार्थ (प्लेटिनियम, पैलेडियम और रेडियम का इस्ट) होता है जो काफी महंगा बिकता है, उन्होंने चोरी के पूर्व रायगढ़ के कबाडी से संपर्क किया और प्रति साइलेंसर 4,000 की दर से सौदा तय किया। चूंकि आरोपी सरगुजा संभाग के सूरजपुर, अम्बिकापुर, बलरामपुर जिलों के निवासी थे, अतः सभी को संपूर्ण क्षेत्र की अच्छी जानकारी थी। निरल, अंजीत, थामस, आशीष एवं अन्य का काम रैकी करना व साइलेंसर



चोरी करना था, सभी दोपहर में जिन स्थानों में चोरी करना होता था, पहुंच जाते थे, करीबन 8.00 से 11.00 बजे तक रैकी का काम करते थे, उसके बाद देर रात्रि साइलेंसर चोरी कर सुनसान स्थानों पर साइलेंसर के टुकडे कर कीमति धातु को काट कर बैग में भर कर अम्बिकापुर पहुंचते थे और वहां प्रकाश के रूम में पहुंचते थे फिर साइलेंसर के टुकडो को पार्सल बनाकर बस के माध्यम से रायगढ़ भेजते थे जहां रायगड में स्थित इनके साथी पार्सल रिसिव करते थे, जहां से पार्सल आगे जाता था।

### साइलेसर चोरी के 66 प्रकरण में अपराध थे पंजीबद्ध

अभी तक पूरे संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले मे 10, बलरामपुर जिले में 19, सरगुजा जिले में 08, सूरजपुर जिले में 12 एवं बिलासपुर जिले में 17 सहित कुल 66 प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अन्य चोरी के मामलो मे रिपोर्ट की जानकारी नहीं है, गैंग बड़े स्तर का है, ग्रामीण इलाको मे भी चोरी करने की बात सामने आई है, चूंकि गैंग के चोरी का दायरा बडा था, इसलिए अन्य जगहों में रिपोर्ट नहीं हुई होंगी, पकडे गये आरोपियों के आलावा अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें रवाना की गई है।

### चोरी में शामिल आरोपी

निरल किण्डो पिता रगबर किण्डों उम्र 19 वर्ष सा0 दवना दमसरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर, आशीष किण्डो पिता रगबर किण्डों उम्र 27 वर्ष सा0 दवना दमसरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर, अंजीत खाखा पिता ठेम्पू उम्र 28 वर्ष सा0 दर्रीडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा, थामस किण्डो पिता शिवनाथ किण्डो उम्र 32 वर्ष सा. बरपारा थाना भटगांव जिला सूरजपुर छग, प्रकाश मसीह पिता शंकरलाल मसीह उम्र 21 वर्ष सा0 बरकोल थाना धवलपुर जिला सरगुजा।

### प्लेटेनियम की वजह से चोरी हो रही है साइलेंसर

आपको बता दें कि पुरे छत्तीसगढ़ कई अन्य राज्यों की सीमाओं से लगा हुआ है, इसलिए मामले में अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सक्रिय होने का अंदेशा लगाया जा रहा है, वहीं कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर सहित सरगुजा सम्भाग के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इको वाहन मालिको के वाहन से साइलेसर चोरी की घटना सामने आई थी, पुलिस का माना है प्लेटेनियम की वजह से साइलेंसर की चोरी के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है और पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आखिर क्या है ऐसा साइलेंसर में जानिए

बताया जा रहा है कि ईको के साइलेंसर की कीमत करीब 85 हजार रुपये की मानी जाती है, इस साइलेंसर में कैटेलिटिक कन्वर्टर मौजूद होता है, कैटेलिटिक कन्वर्टर, प्लेटिनम ग्रुप ऑफ मेटल्स (पिजीएम) से बनता है. प्लेटिनम, पैलेडियम और रोडियम के संयुक्त तौर पर प्लेटिनम ग्रुप ऑफ मेटल्स यानी (पिजीएम) कहते है, ऐसा कहा जाता है कि इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा होती है, ईको के साइलेंसर से निकलने वाली इन धातुओं की डस्ट को हैवी इंडस्ट्री में बेचा जाता है, जहां प्रति 10 ग्राम डस्ट 3 से 6 हजार रुपये तक मिलते है।

### इको वाहन के मालिक वाले साइलेंसर चोरी की घटना से थे परेशान

इको वाहन मालिक साइलेंसर चोरी होने की घटना से इतने परेशान थे की अपने वाहन को हर तरह से सुरक्षा में रखने का प्रयास कर रहे थे फिर भी उनकी वाहनों से साइलेंसर की चोरी होने की घटना आम हो रही थी, वाहन मालिक इस चिंता में थे कि आखिर वाहन रखे तो रखें कहां, जिन वाहन मालिकों के पास वाहन बाहर रखने की मजबूरी थी वह वाहन मालिक अपने वाहन की रखवाली में रात गुजारते थे इतने लंबे समय से साइलेंसर चोरी की घटना हो रही थी।

### पुलिस के लिए कुछ सवाल

**वाहन** से साइलेंसर चोरी करने वाले साइलेंसर को कहां बेचते थे?
**इस** गिरोह का सरगना कौन है और कबतक पुलिस वह पहुचेगी?
**इतने** मात्रा में साइलेंसरकी खरीदी कौन करता था?
**85 हजार** का साइलेंसर 4 से 5 हजार में चोरी कर क्यों बेचा जाता था?

# कुआं निर्माण की राशि जा रही हैअफसरों के जेब में

-ओमकार पांडेय-
**सूरजपुर 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
केंद्र से लेकर राज्य की सरकार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में राशि खर्च कर ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों को रोजगार व वाटर लेबल दुरुस्त करने के उद्देश्य से कुंआ का निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर रही है। किंतु वहीं दूसरी ओर अफसर इस हितग्राही मुलक योजना में भ्रष्टाचार कर रहे है। जिस कुंआ से ग्रामीण पानी का उपयोग में लाते वो कुंआ अब सो पीस बन कर रह गया है। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पर्री निवासी पीताम्बर आत्मज मदन राम के निजी भूमि पर कुंप निर्माण कराया गया है। जिसका प्रशासनिक स्वीकृति 4 लाख 50 हजार रुपये है। इस कार्य का प्रारम्भ 16 मई 2020 को किया गया था। साथ ही कार्य 16






दिसम्बर 2020 को पूर्ण किया गया है। इस कुंआ की गहराई 3 - 4 मीटर है। चौड़ाई 5 मीटर आस पास होगी। जबकि महात्मा रोजगार गारंटी योजना में 60 / 40 रेसीयू से कार्य कराया जाता है। 60 मटेरियल लगता है तो वहीं 40 प्रतिशत मजदूरों से कार्य कराया जाता है। 4 लाख 50 की लागत से निर्मित कुंआ में 8-10 मीटर की गहराई होना चाहिए था। जिसमें बंधाई 6 मीटर होना था।

### मेटेरियल बंधाई में बरती गई अनिमियता

जनपद के एसडीओ, तकनीकी सहायक द्वारा माप दंड को दरकिनार कर कार्य कराया जा रहा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण इस कुँआ में देखने को मिल सकता है। कुँआ में लीपा पोती कर लाखों की राशि गबन कर दिया गया है। कुँआ 1 वर्ष में ही सुख गया है। क्योंकि गहराई की खुदाई नही की गई थीं। वहीं कुँआ के बंधाई दौरान बने जगत भी टूटने लगे है। कुँआ का जगत उपयोग हुए बगैर ही टूटने लगा है। जिस कारण 1 वर्ष में ही टूटने लगे है। सूरजपुर जनपद पंचायत में एसडीओ होने के बाद भी उपयंत्री को एसडीओ का प्रभार दिया गया है। प्राभारियो के मत्थे होने के कारण कार्य मे लापरवाही बरती जा रही है।मामले की निष्पक्षता से जांच हो तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर सरपंचों ने शासन-प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-
**कोरबा, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
विभिन्न 13 सूत्रीय मांगों के लिए सरपंच और पंच गण प्रयासरत हैं। पिछले दिनों राजधानी रायपुर में प्रदेश भर के सरपंचों ने सरपंच संघ के बैनर तले अपनी आवाज बुलंद की। इन्होंने कहा है कि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। मांगों के संबंध में शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है।कोरबा अनुविभाग मुख्यालय पहुंचकर सरपंचों ने एसडीएम हरिशंकर पैकरा को ज्ञापन सौंपकर मांगों के संबंध में सद्भावना पूर्वक विचार हेतु अग्रेषित करने आग्रह किया। सरपंचों की मांग है कि सरपंचों एवं पंचों का मानदेय 20 हजार व 5 हजार रुपए किया जाए। सरपंचों को पेंशन 10 हजार



दिया जाए। 50 लाख राशि तक के सभी कार्यों में एजेंसी पंचायत को बनाया जाए। सरपंच निधि के तौर पर 10 लाख रुपए दिया जाए। नक्सलियों द्वारा सरपंचों को मारे जाने पर 20 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। 15वें वित्त की राशि अन्य मद में अभिषरण न किया जाए। इस राशि को जनपद व जिला सदस्य द्वारा अपने ही क्षेत्र में दिया जाए। नरेगा सामग्री की राशि का भुगतान हर तीन महीने में किया जाए व नरेगा निर्माण कार्य में 40 प्रतिशत अग्रिम राशि दिया जाए। सरपंचों व पंचों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया जाए। ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की राशि को दो लाख करते हुए तत्काल राशि जारी किया जाए। सरपंचों के अविश्वास प्रस्ताव अधिनियम व धारा 40 में संशोधन करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न पंचायतों के सरपंच व पंच गण उपस्थित रहे।

# डीएमएफ की राशि से कटघोरा के 46 पंचायतों के लिए डेढ़ लाख की मेट को 4.80 लाख में खरीदा गया,जिम्मेदार मौन

-राजा मुखर्जी-
**कोरबा, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास( डीएमएफटी) को प्राप्त राजस्व का बंदरबाट करने का दौर थम नहीं रहा। बिना पंचायत प्रस्ताव के करोड़ों रुपए की लागत से जनपद पंचायत कटघोरा के 46 ग्राम पंचायतों के लिए कबड्डी मेट की खरीदी कर फ़ंड का अपव्यय करने का मामला आया सामने । मामले में जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी साध ली चुप्पी द्ध जिला खनिज संस्थान न्यास मद को रेवड़ी की तरह बांटकर कमीशनखोरी का खेल कोरबा में चल रहा। करोड़ों की खरीदी में जमकर मनमानी किया गया है। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायतों को 4 महीने पहले कबड्डी मेट की सप्लाई डीएमएफ से हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि , ग्राम पंचायतों ने कभी भी कबड्डी मेट का प्रस्ताव नहीं दिया, न ही जनपद पंचायत ने कभी भी जरूरत बताई जिस से खरीदा जा सके। बिना किसी प्रस्ताव के खनिज न्यास मद से करोड़ों की कबड्डी मेट खरीदी कर दी गई। मजे की बात यह रही के ,ग्राम पंचायतों को तब पता चला, जब सप्लायर समान पहुंचाने आया तब यह देख सरपंच-सचिव भी हतप्रभ रह गए। माना जा सकता है के उच्चाधिकारियों का दबाव था



इसलिए बिना किसी सवाल के सरपंच-सचिवों ने इसे रख लिया होगद्ध। जिला खनिज न्यास मद के अधिकारी अब मामले को टालने के लिए दावा यह कर रहे के राजीव मितान क्लब के लिए ग्राम पंचायतों के लिए खरीदी की जा रही है, ताकि आने वाले दिनों में खेल को बढ़ावा मिल सके। अब सवाल यह उठता है कि, अब तक जिले में एक भी क्लब का गठन नहीं हुआ है, बिना क्लब के अनुमोदन के आखिर लाखों की सामग्री ग्राम पंचायतों को क्यों दी जा रही है। यहाँ यह सवाल इसलिए भी उठना लाजिमी है क्योंकि ,राजीव मितान क्लब किसी भी खेल सामग्री की मांग कर सकता है,पर जरूरी नहीं कि राजीव मितान क्लब कबड्डी के लिए वह मांग करे। इधर सरपंचों को पता ही नहीं है कि, इस कबड्डी मेट का करना क्या है। ग्राम पंचायतों को एक कागज में हस्ताक्षर कर सप्लाई कर दी गई । अब सरपंच जनपद पंचायत से पूछ रहे हैं कि किस तरह से इस कबड्डी मेट का उपयोग करना है, नहीं जानकारी के स्थिति में चटाई की तरह ग्राम पंचायत इसका उपयोग कर रहे हैं। हाल ही में पूर्व गृहमंत्री रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने डीएमएफ में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन को घेरा था। उन्होंने नोडल अधिकारी पर 15 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप भी लगाया था। जिसकी वजह से पंचायत में डीएमएफ के कार्यों में गुणवत्ता नहीं आ रही, बावजूद प्रशासन ने कोई संज्ञान नही लिया। जिले के कलेक्टर साफ सुथरी छवि के हैं, उन्हें चाहिए कि डीएमफ के इन कार्यों की विशेष टीम गठित कर जांच कराएं जिससे जिले की शासकीय धन की अपव्यय पर रोक लग सके एवं जिले की छवि भी बेहतर बने रहे।

# केंद्र के समान महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता के समर्थन में आई जिपं अध्यक्ष रेणुका सिंह

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
अधिकारी और कर्मचारी साथियों के द्वारा फेडरेशन के बैनर के तले एवं अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ अपने जायज मांग केंद्र के समान महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सभी कर्मचारी बैठे हुए हैं जिनके समर्थन में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह आ गई है जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने सभी कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार कर्मचारियों के हक को जिस प्रकार से मार रही है यह कहीं ना कहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार की आसंवेदना को प्रदर्शित यदि प्रदेश की मानी जाए तो आज प्रदेश के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं, उनकी मांग जो है वह एचआर और व्हीडीए को बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, वही प्रदेश के लगभग 190 कर्मचारी संगठन अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिसके कारण से कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है, वहीं कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने बताया कि इन कर्मचारियों की मांग राज्य सरकार से



पूरी तरह से जायज है और जिस प्रकार से राज्य सरकार कर्मचारियों की मांग को पूरा नहीं कर रही है जिसके कारण से आज पूरे प्रदेश के कर्मचारी संगठनों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं यह कहीं ना कहीं प्रदेश के लिए बहुत बड़ा दुर्भाग्य है साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह इन कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में भी कर्मचारियों के सामने कदम से कदम मिलाकर खड़ी है और इनकी मांगों को जायज बताया है साथ ही प्रदेश सरकार से भी इन कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर ने की बात कही है आज के हड़ताल में अशोक यादव (जिला संयोजक),राजेन्द्र सिंह (संभागीय सह संयोजक),डॉ एस के मिश्रा (संरक्षक एवं अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ),ए पन्ना (वरिष्ठ उपाध्यक्ष फेडरेशन एवं महासचिव अजजा शा से संघ कोरिया), आरएमए संघ के जिला अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े और बहुत से संख्या में जिले के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। अब देखने वाली बात होगी कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों को लेकर कब औरकितना गंभीर होता है यह तो समय ही बताएगा।

# नशे के अवैध कारोबार पर कार्यवाही करने की मांग

-संवाददाता-
**सूरजपुर 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
शहरों सहित पूरे जिलों में धड़ल्ले से चल रहे नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने एवं कारोबारियों पर कार्यवाही करने की मांगों को लेकर आज सूरजपुर जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने सूरजपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपकर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की है . ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सूरजपुर शहरों सहित पूरे जिले में लगातार नशे के अवैध कारोबारियो द्वारा इंजेक्शन, कोरेक्स, नशीली दवाओं का धड़ल्ले से व्यापार किया जा रहा है ,नशे के कारोबार करने वाले लोग छोटे छोटे स्कूली बच्चो व महाविद्यालय के छात्रों तक को इंजेक्शन लगाना व नशीली दवाओं



के सेवन करना सीखा रहे है ,स्थानीय सूरजपुर के मिलपारा कृष्णकुंज के पीछे,शराब भट्टी,पुराना बाजारपारा ,सूरजपुर छठ घाट इत्यादि जगहों में नशे के कारोबारी लगातार इसका आदान प्रदान करते रहते है इसकी सूचना सूरजपुर कोतवाली को देने के बावजूद इस ओर कोई उचित ध्यान नही दिया गया है । पूरे सूरजपुर शहर के हर गलियों में लगभग इन नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले लोग सक्रिय है । छोटे छोटे बच्चो सहित युवा जिनके ऊपर अपने परिवार को संभालने की जिम्मेदारी होती है वो युवा बचपन से ही इन नशीली दवाओं का आदि हो जा रहा है और अपनी युवावस्था को खो रहा है ,इस तरह से सिर्फ युवाओ के युवावस्था ही बर्बाद नही होता बल्कि उसका पूरा परिवार भी बर्बाद हो जाता है । सूरजपुर शहरों सहित जिले में ऐसे नशे के माफियाओ का पूरा डाटा लगभग सूरजपुर कोतवाली सहित जिले के थानों में है इसके बावजूद इन पर कोई ठोस कार्यवाही नही की जा रही है ,छोटे मोटे डीलरों को पकडकर खानापूर्ति की कार्यवाही की जाती है इस तरह से युवाओ की युवावस्था का पतन होना उनके परिवार सहित पूरे देश के लिए चिंता का विषय है उन्होंने इस सम्बन्ध में गम्भीरतापूर्वक ध्यान देते हुए नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ ही कार्यवाही करने की मांग की है !!

# बालको के उत्कृष्ट जल प्रबंधन से स्थानीय जीवन स्तर में आया बदलाव

-संवाददाता-
**बालकोनगर, 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। स्थानीय समुदायों के लिए कृषि तालाब,सामुदायिक तालाब और चेक डैम का निर्माण तथा कायाकल्प कर गुणवत्तापूर्ण जल के भंडारण में वृद्धि की है। वही बालको ने अपनी जल प्रबंधन परियोजनाओं से पेय जल एवं कृषि कार्य हेतु स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने और आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया है। वही स्थानीय समुदायों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों में सहायता करते हुए बालको ने वित्त वर्ष 2023 में लगभग 21 मिलियन लीटर की कुल भंडारण क्षमता के साथ कुल 108 पानी के बुनियादी ढांचे,जिसमें 19 कृषि तालाब,2 सामुदायिक तालाब, 81 चेक डैम,6 कुएं का निर्माण किया है। वही अब तक कंपनी ने 85 मिलियन लीटर की संचयी भंडारण क्षमता के साथ इस क्षेत्र में 150 से अधिक चेक डैम,कृषि तालाब, सामुदायिक तालाब आदि विकसित किए हैं। वही बालको की उत्कृष्ट जल प्रबंधन की वजह से स्थानीय किसान वर्ष में एक से अधिक



फसल उगा रहे हैं,जिससे आसपास के लगभग 200 किसान लाभान्वित हुए हैं। स्थानीय समुदाय के पेयजल पूर्ति के अलावा जल प्रबंधन ने मृदा संवर्धन में नमी की मात्रा और भूजल स्तर को बढ़ाने तथा क्षेत्र में कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। वही जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है जो भूमि,जलवायु और पारिस्थितिक तंत्र के साथ-साथ समाज,संस्कृति और अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए बालको में हम जल संसाधन के प्रभावी प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हैं,जिसका लक्ष्य स्थानीय समुदायों की आजीविका और क्षेत्र में प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करना है। बालको अपने ईएसजी लक्ष्यों के साथ समाज और पर्यावरण में अच्छे बदलाव के लिए प्रतिबद्ध हैं। वही करुमौहा गांव के किसान अशोक मंझवार ने कहा कि बालको द्वारा निर्मित जल संरचनाएं स्थानीय नागरिकों के लिए बहुत मददगार साबित हुई हैं। जल उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद सिंचाई सुविधाओं और फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है। बढ़े उत्पादन के परिणामस्वरूप वार्षिक आय में वृद्धि हुई और हमारे जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है। यह बालकों की दूरदर्शिता एवं दृष्टिकोण के साथ समय-समय पर मार्गदर्शन तथा समर्थन के कारण ही संभव है। समाज और पर्यावरण के उत्थान हेतु किसानों की मदद की दिशा में बालकों की परियोजना प्रशंसनीय है।

# डामर कैम्प में खड़ी टैंकर गाड़ी के टायर डिस्क चोरी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**सूरजपुर 25 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
8 अगस्त को उमेश्वरपुर निवासी अशोक चद्रवंशी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एएस कन्ट्रक्शन रोड़ निर्माण कंपनी में सुपरवाईजर है, डामर कैम्प तारकेश्वरपुर नदी किनारे बना हुआ है जिसमे कंपनी की गाड़ियां व सामान को रखते है, 4-5 जुलाई के मध्य कैम्प में खड़ी टैंकर गाड़ी के सामने का दोनो टायर डिस्क सहित किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे जिसके बाद चौकी उमेश्वरपुर की पुलिस ने मामले के आरोपी विकास राजवाड़े को पकड़ते हुए चोरी किए गए 2 टायर डिस्क सहित बरामद किया था। मामले में उसका साथी फरार था। चौकी उमेश्वरपुर की पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी मुकेश टोप्पो पिता ढोलराम उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोतल, चौकी उमेश्वरपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने विकास के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, प्रधान आरक्षक फिरोज खान, आरक्षक विक्रम सिंह, राकेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवशंकर सिंह व मनोज जायसवाल सक्रिय रहे।




CMYK

# एशिया कप 2022 से पहले सामने आए भारत-पाक के बीच हुए 'वो' मुकाबले

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** एशिया कप 2022 की शुरुआत में अब बस चंद दिन ही बाकी रह गए हैं। ऐसे में क्रिकेट लवर्स आंखें गड़ाए मैच शुरू होने की ताक में बैठे हैं। संयुक्त अरब अमीरात में इस महीने की 27 तारीख से शुरू हो रहे मेगा टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक बार फिर आमने-सामने होने वाली हैं। हर क्रिकेट प्रेमी को इन दोनों टीमों के बीच मैच देखना भाता है। एशिया कप 2022 में टीम इंडिया और पाकिस्तान का मुकाबला 28 अगस्त को होगा, जिसे लेकर क्रिकेट के प्रति जुनून रखने वाले लोग काफी उत्सुक हैं।

इस जुनून की कसमकस के बीच जसकरण सिंह को भारत-पाकिस्तान के पुराने मुकाबलों की याद आ गई है, जिसे उन्होंने देश के अपने पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप के माध्यम से साझा किया है। हम एशिया कप 2022 में इन लड़ाइयों को मिस करेंगे।

बताते चलें कि सन् 1984 से एशिया कप का आयोजन किया जा रहा है। तब से लेकर अब तक 15वीं बार भारत और पाकिस्तान का मैच होने जा रहा है। इसमें से आठ मैच टीम इंडिया ने जीते हैं और पाँच मैच पाकिस्तान ने जीते हैं, जिसमें से एक मैच बिना किसी नतीजे के खत्म हो गया था।

### भारत पाकिस्तान के पुराने मैच की तरफ भी एक बार नज़र दौड़ा लेते हैं वर्ष 2018 का दिलचस्प मैच

एशिया कप 2018 में भारत-पाकिस्तान के बीच का मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ था। टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा और पाकिस्तान की कप्तानी सरफराज अहमद ने की थी। मैच में पाकिस्तान की टीम 43.1 ओवर में केवल




162 रन ही बना सकी और ऑल आउट हो गई। टीम इंडिया ने इस टारगेट को 29 ओवर में केवल दो विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। मैच में भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने तीन और केदार जाधव ने तीन विकेट चटकाए थे। इसी के साथ भुवनेश्वर कुमार ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम कर लिया था। भारतीय टीम ने इस मैच को बड़ी आसानी से आठ विकेट से जीत लिया था।

### वर्ष 2016 के मैच को भी भुलाया नहीं जा सकता है

एशिया कप 2016 में भी भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने थीं। यह मैच बांग्लादेश के मीरपुर में खेला गया था। इस मैच में टीम इंडिया की कमान एमएस धोनी के हाथों में थी, वहीं पाकिस्तान की कप्तानी शाहिद अफरीदी ने की थी। इस मैच में भी पाकिस्तान की पूरी टीम केवल 83 रन ही बना सकी थी। इंडिया टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे जीरो पर आउट हो गए थे। लेकिन विराट कोहली ने कमान संभाल ली और 51 गेंदों पर 49 की पारी खेली। साथ ही साथ युवराज सिंह ने भी 14 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम ने इस लक्ष्य को 15.3 ओवर में केवल पाँच विकेट खोकर ही हासिल कर लिया था और मैच को पाँच विकेट से अपने नाम कर लिया था।

### वर्ष 2012 भी रहा है यादगार

एशिया कप 2012 में मीरपुर में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला था। टीम इंडिया की कप्तानी एमएस धोनी और पाकिस्तान की कप्तानी मिस्बाह उल हक ने की थी। पहले बल्लेबाजी करके पाकिस्तान ने इस मैच में 329 रनों का बड़ा टारगेट खड़ा किया। इस लक्ष्य को तोड़ने के लिए उतरी टीम इंडिया के गौतम गंभीर जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने पारी को संभाल लिया और बेहतरीन बल्लेबाजी की। सचिन तेंदुलकर ने 51 और विराट कोहली ने 183 रन की शानदार पारी खेली थी। वहीं, रोहित शर्मा ने भी 68 रन इंडिया टीम की तरफ से लगाए थे। टीम इंडिया ने 47.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया था।

# अजिंक्य रहाणे बतौर कप्तान इस टूर्नामेंट के जरिए करेंगे वापसी

## शॉ,अय्यर और शार्दुल भी आएंगे नजर

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** फिटनेस हासिल करने वाले अजिंक्य रहाणे आठ से 25 सितंबर तक तमिलनाडु में आयोजित होने वाली दलीप ट्राफी में पश्चिम क्षेत्र की टीम का नेतृत्व करेंगे। ग्रोइन चोट से उबर रहे रहाणे दलीप ट्राफी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। रणजी ट्राफी के फाइनल में पहुंची मुंबई की टीम के सदस्यों को टीम में चुना गया है जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी पृथ्वी शॉ और शारदुल ठाकुर तथा उभरते हुए स्टार जैसे यशस्वी जायसवाल, शम्स मुलानी, हार्दिक तामारे और तनुष कोटियान शामिल हैं। सौराष्ट्र से अनुभवी जयदेव उनादकट के अलावा हाल में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले राहुल त्रिपाठी को भी पश्चिम क्षेत्र की टीम में



जगह मिली है। मध्य क्षेत्र ने भी अपनी टीम घोषित की है और मध्यप्रदेश की रणजी ट्राफी विजेता टीम के ज्यादातर स्टार खिलाड़ी टीम में शामिल हैं जिसमें यश दूबे, शुभमन शर्मा, कुमार कार्तिकेय के साथ आल राउंडर वेकंटेश अय्यर शामिल हैं।

पश्चिम क्षेत्र

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ (मुंबई), यशस्वी जायसवाल (मुंबई), श्रेयस अय्यर (मुंबई), हार्दिक तामोर (विकेटकीपर, मुंबई), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियन (मुंबई), शारदुल ठाकुर (मुंबई), राहुल त्रिपाठी (महाराष्ट्र), सत्यजीत बच्चाव (महाराष्ट्र), हेत पटेल (गुजरात), चिंतन गाजा (गुजरात), जयदेव उनादकट (सौराष्ट्र), चिराग जानी (सौराष्ट्र), अतित सेठ (बड़ौदा)

मध्य क्षेत्र

करण शर्मा (कप्तान), शुभम शर्मा (उप कप्तान), हिमांशु मंत्री (विकेटकीपर), यश दूबे, प्रियम गर्ग, रिंकू सिंह, अशोक मनेरिया, अक्षय वाडकर (विकेटकीपर), गौरव यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक धोपोला, अनिकेत चौधरी, कुमार कार्तिकेय, आदित्य सर्वते और अंकित राजपूत।

# भारत के खिलाफ हाईप्रेशर मैच में दिखेगी बाबर आजम की काबिलियत?

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** भारत के खिलाफ पाकिस्तान की टीम 28 अगस्त रविवार को एशिया कप का मुकाबला खेलेगी। इस मैच के लिए दोनों ही टीमें दुबई पहुंच चुकी है। पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में विराट कोहली पर सबकी नजरें रहेंगी। कोहली लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म हैं और एशिया कप में उनके रिकॉर्ड को देखते हुए फैंस को उम्मीद होगी कि वह वर्ल्ड कप से पहले यहां अपने बल्ले से खूब रन बटोरें।



### पाकिस्तान को होगी बाबर आजम से उम्मीदें

पाकिस्तान के लिए पिछले कुछ सालों से बाबर आजम लगातार रन बना रहे हैं। पाकिस्तान टीम की कमान मिलने के बाद से बाबर के प्रदर्शन में और निखार आया है। ऐसे में एशिया कप में भारत के लिए वो सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। हाल ही में बाबर आजम ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 74 रनों की पारी के साथ वनडे क्रिकेट में अपने 4500 रन पूरे किए थे।

### भारत के खिलाफ खेलने को तैयार हैं खिलाड़ी

दुबई में आईसीसी एकेदमी में यूसुफ ने कहा कि यहां गर्मी और उमस है, लेकिन सभी खिलाड़ी भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले को लेकर एक्साइटेड है। बाबर आजम एक बार फिर भारत के खिलाफ अपने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करना चाहेंगे। सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं और वे अपने रोल को अच्छी तरह से जानते हैं। पाकिस्तान ने अब तक दो बार एशिया कप जीतने में सफल रही है। टीम की कोशिश तीसरी बार इस टाइटल को अपने नाम करने की होगी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूज़ीलैंड ने किया 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में मैट हेनरी की वापसी हुई है। हेनरी पसली की चोट के चलते वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हुए थे। वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड ने कैरेबियन धरती पर पहली बार वनडे सीरीज में 2-1 से मात दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड पहला मुकाबला 6 सितंबर को केर्न्सो के काज़्ली स्टेडियम में खेलेगी। सीरीज के अन्य दो मुकाबले इसी मैदान पर 8 और 11 सितंबर को खेले जाएंगे। चैपल-हैडली ट्रॉफी के लिए 15 खिलाड़ियों की इस टीम में ईश सोढ़ी को छोड़कर बाकी खिलाड़ी वही हैं जो वेस्टइंडीज दौरे पर गए थे। मैट हेनरी के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े बेन सियर्स के साथ ग्लेन फिलिप्स ने भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी जगह बनाई है। इस वजह से हेनरी निकोल्स और विल यंग को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं काइल जैमीसन और एडम



मिल्ने चोट के चलते बाहर हैं। इस टीम की अगुवाई केन विलियमसन ही करते हुए दिखाई देंगे जो चोट के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को लेकर विलियमसन ने कहा ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी बड़ी प्रतिद्वंद्विता है; यह हमेशा प्रशंसकों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर होता है, और टीम वास्तव में इसके लिए तत्पर रहती है। आप चैपल-हैडली ट्रॉफी सीरीज देखकर बड़े हुए हैं और महान लड़ाइयों को याद कर रहे हैं, इसलिए एक और अध्याय का हिस्सा बनना बहुत खास है।

न्यूजीलैंड टीम : केन विलियमसन , फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लाथम , डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, टिम साउदी

ऑस्ट्रेलिया टीम : सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, एरोन फिंच , कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुस्चगने, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा

# लक्ष्य सेन को हराकर क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे एच एस प्रणय

**टोक्यो ,25 अगस्त 2022।** भारत के एच एस प्रणय ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन और राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन को हराकर बृहस्पतिवार को बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि पुरुष युगल में ध्रुव कपिला और एम आर अर्जुन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल प्री क्वार्टरफाइनल में कड़ी चुनौती पेश करने के बाद बुसानन ओंगबाम्रुंगफान से हारकर बाहर हो गयीं। लक्ष्य और प्रणय का मैच करीब सवा घंटे तक चला जिसमें प्रणय ने 17 . 21, 21 . 16, 21 . 17 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद दोनों के बीच जीत हार का रिकॉर्ड 2 . 2 का हो गया है। अब प्रणय का सामना चीन के झाओ जुन पेंग से होगा। उनके अलावा दो भारतीय पुरूष युगल जोड़ी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने 58 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में सिंगापुर के टैरी ही और लोह कीन हीन पर 18 . 21, 21 . 15, 21 . 16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद असान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। कपिला और अर्जुन ने दूसरे



दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त और पिछली बार के कांस्य पदक विजेता डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को हराया था। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने डेनमार्क के जेप्पा बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी को 35 मिनट में 21-12 21-10 से हरा दिया। अब उनका सामना क्वार्टरफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की दूसरी वरीय जोड़ी से होगा। वहीं साइना को थाईलैंड की प्रतिद्वंद्वी से 17-21 21-16 13-21 से हार मिली। इस जीत से बुसानन का साइना के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-3 हो गया है।

बुसानन ने शुरूआती गेम में 11-3 की बढ़त हासिल कर ली जिससे साइना दबाव में आ गयीं। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने इस अंतर को कम करते हुए 17-19 कर लिया लेकिन थाईलैंड की खिलाड़ी ने आसानी से पहला गेम जीत लिया। पर पहले गेम के अंत में वापसी ने साइना को आत्मविश्वास दिया और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गयी। उन्होंने आक्रामक खेलते हुए मैच निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। पर बुसानन ने लय हासिल करनी शुरू दी और पांच अंक की बढ़त बनायी। वहीं साइना धीरे धीरे पिछड़ती रहीं और 26 साल की बुसानन ने सात मैच प्वाइंट से अपना क्वार्टरफाइनल स्थान पक्का किया।

# एशिया कप 2022 में भी रिकॉर्ड बनाना चाहेंगे रोहित शर्मा

**नई दिल्ली ,25 अगस्त 2022।** टीम इंडिया एशिया कप की तैयारियों में जुटी हुई है। 27 अगस्त से एशिया कप की शुरुआत हो रही है। 28 को महा मुकाबला खेला जाना है। महा मुकाबला मतलब भारत-पाकिस्तान का मुकाबला जिसका हर क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार करता है। एशिया कप की बात करें तो ज्यादातर मौकों पर भारत विपक्षी टीमों पर हावी रहा है। भारत ने अब तक सात एशिया कप का खिताब जीता है। ऐसे में अब उसकी नजर आठवीं खिताब जीतने होगी। एशिया कप के 38 सालों के इतिहास को देखें तो यह उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा है। लेकिन भारत ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है। एशिया कप का सबसे पहला आयोजन 1984 में संयुक्त अरब अमीरात में ही किया गया था। भारत ने एशिया कप का पहला खिताब श्रीलंका को हराकर जीता था। उस दौरान भारत के कप्तान सुनील गावस्कर थे। इसके बाद एशिया कप का आयोजन 1986 में श्रीलंका में हुआ और मेजबान टीम ही विजेता



रहा। श्रीलंका ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया था।

1988 के एशिया कप में भारत ने जोरदार वापसी करते हुए खिताब पर अपना कब्जा जमाया। बांग्लादेश में आयोजित हुए इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। 1990-91 में इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत में हुआ था और मेजबान टीम ने ही इस पर अपना कब्जा जमाया था। भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन में फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 7 विकेट से मात दी थी। 1995 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर खिताब पर अपना कब्जा जमाया था। 1995 के बाद भारत को एशिया कप के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में उसे एशिया कप में फिर से खिताब जीतने का मौका मिला जब महेंद्र सिंह धोनी कप्तान थे। 2010 में भारत ने श्रीलंका को 100 रन से हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। 2016 में बांग्लादेश में एशिया कप खेला गया था। फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को हराया था।

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।

# ऋतिक और सैफ की विक्रम वेधा का टीजर रिलीज,दिखा दोनों का दमदार अंदाज

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म विक्रम वेधा को लेकर चर्चा में हैं। कुछ दिन पहले ट्विटर पर फिल्म को लेकर बायकॉट भी ट्रेंड किया था। इस फिल्म में ऋतिक के साथ सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं। यह एक ऐक्शन ड्रामा फिल्म है। पर्दे पर ऋतिक और सैफ को एकसाथ देखना दिलचस्प होगा। बुधवार को टी-सीरीज ने फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर में ऋतिक और सैफ का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाई दे रहा है। फिल्म में सैफ एक पुलिस अफसर विक्रम का किरदार निभा रहे हैं, वहीं ऋतिक का किरदार गैंगस्टर वेधा का है। टीजर में नजर आ रहा है कि ऋतिक अपने ग्रे अवतार से पर्दे पर कमाल करने वाले हैं। वहीं सैफ का किरदार विक्रम, वेधा को पकड़े की उधेड़बुन में फंसा हुआ है। टीजर वेधा के नैरेशन पर आधारित है। वेधा की बातें दर्शकों में फिल्म के लिए रोमांच पैदा करने वाली हैं।

यह टीजर शेयर करते हुए टी-सीरीज ने लिखा, विक्रम वेधा एक ऐक्शन थ्रिलर है। यह एक कठोर पुलिसवाले विक्रम (सैफ) और खूंखार गैंगस्टर वेधा की लड़ाई को दिखाती है। फिल्म अच्छाई और बुराई पर आधारित है,




आप जिसे चुनते हैं वही आपको बनाता है। इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने फ्राइडे फिल्मवर्क्स और जियो स्टूडियोज के साथ मिलकर किया है। फिल्म का निर्देशन पुष्कर और गायत्री ने किया है। यह 30 सितंबर को रिलीज होगी।

यह तमिल फिल्म विक्रम वेधा की रीमेक है जो 2017 में रिलीज हुई थी। इसमें अभिनेता विजय सेतुपति और आर माधवन मुख्य भूमिका में थे। माधवन ने विक्रम नाम के एक पुलिस अफसर का किरदार निभाया था, जबकि विजय सेतुपति ने वेधा नाम के ड्रग तस्कर का किरदार निभाया था। फिल्म विक्रम-बेताल की प्राचीन कहानी से प्रेरित है, जहां एक चतुर गैंगस्टर हर बार एक नई कहानी सुनाकर एक पुलिसवाले की पकड़ में आने से बच जाता है।

विक्रम वेधा के अलावा ऋतिक फिल्म फाइटर में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण भी ऐक्शन अवतार में दिखेंगी। कृष फ्रैंचाइजी की अगली फिल्म कृष 4 की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म में ऋतिक मुख्य भूमिका में दिखेंगे। उनकी फिल्म वॉर का सिक्वल भी अनाउंस हो चुका है। वहीं सैफ आदिपुरुष, गो गोवा गॉन 2 और एसेसिनेशन ऑफ होमी भाभा में नजर आएंगे।

यह पहला मौका नहीं है, जब ऋतिक और सैफ साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले 2002 में आई रोमांटिक ड्रामा फिल्म ना तुम जानो ना हम में उन्होंने साथ काम किया था। असल जिदंगी में इन दोनों सितारों की काफी अच्छी बॉन्डिंग है।

# मौका मिला तो साउथ फिल्मों में भी काम करना चाहुंगी: स्मृति श्रीकांत



दिल्ली की रहने वाली अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने हाल ही में अपना धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू किया है। स्मृति श्रीकांत हालिया रिलीज हुई अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रक्षाबंधन में एक अहम किरदार में नजर आई हैं। अदाकारा ने इस फिल्म में अक्षय कुमार की बहन लक्ष्मी का किरदार निभाया है। जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस फिल्म में अक्षय कुमार की सांवली बहन लक्ष्मी का किरदार निभाकर सफल बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने बताया कि उन्हें कैसे निर्देशक आनंद एल रॉय के प्रोडक्शन बैनर तले बनी इस फिल्म का ऑफर मिला और फिल्म की शूटिंग के दौरान अक्षय कुमार के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा?

मूल रूप में चेन्नई से ताल्लुक रखने वाली स्मृति श्रीकांत ने खुलासा किया कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में भी काम करना चाहेंगी। यही नहीं, अदाकारा ने बताया कि वो साउथ के किन हीरो के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। अक्षय कुमार के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा ये एक सपने के सच होने के जैसा था। मेरी पहली फिल्म अक्षय कुमार के साथ हुई। जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला था तब मुझे इस बारे में नहीं बताया गया था। पहले मैने इस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया। इसके बाद काफी दिन बाद मुझे प्रोडक्शन कंपनी से कंफर्मेशन का कॉल आया था। उस वक्त तो मैं खुद भी भूल गई थी कि मैंने कब इस फिल्म का ऑडिशन दिया था। क्योंकि 3-4 महीने हो गए थे। फिर जब मुझे पता चला कि फिल्म अक्षय कुमार के साथ है, निर्देशक आनंद एल राय बना रहे हैं तो मैं सांतवे आसमान पर थी। इसके अलावा अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा क्योंकि फिल्म चार बहनों और अक्षय कुमार के किरदार के ईर्द-गिर्द ही घूमती है तो मैं इसे लेकर काफी एक्साइटेड थी। उन्होंने बताया कि निजी जिंदगी में भी उन्होंने सांवले रंग की वजह से लोगों से बातें सुनी हैं। फिल्म में भी उनका किरदार कुछ वैसा ही था। तो वो अपने इस किरदार से काफी कनेक्टेड फील कर पाई थीं। अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने इस इंटरव्यू में साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में भी काम करने को लेकर उत्सुकता जताई। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो जरूर साउथ फिल्मों में काम करना चाहेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं साउथ फिल्मों में जरूर काम करना चाहूंगी। बहुत सारे एक्टर्स हैं जिनके साथ मैं काम करना चाहूंगी। जैसे कि मुझे धनुष बहुत पसंद हैं। उन्होंने भी सेम प्रोडक्शन के साथ काम किया है अतरंगी रे में, तो उनके साथ मैं भी जरूर काम करना चाहूंगी। इसके अलावा दलक्वीर सलमान, विजय देवरकोंडा, सुपरस्टार रजनीकांत सर... और भी बहुत हैं... मेरी लिस्ट खत्म ही नहीं होगी।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर शेड्यूल जारी

रायपुर, 25 अगस्त 2022। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 27 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। वे दोपहर 2:05 बजे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। फिर दोपहर 2:30 बजे सेक्टर 24 स्थित एनआईए बिल्डिंग का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मोदी @20 कार्यक्रम में शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को केंद्रीय मंत्री शाह राजधानी में अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 5:15 बजे भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। फिर शाम 7:20 बजे वापस दिल्ली रवाना होंगे।

### स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए राशि जारी



कांकेर, 25 अगस्त 2022। जिले के 129 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल द्वारा 95 लाख 94 हजार 400 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति राशि जारी की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूल भवनों के मरम्मत के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए नगरपालिका अधिकारियों को राशि जारी किये गये हैं।

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत 28 स्कूल, अंतागढ़ के 26 स्कूल, दुर्गूकोंदल के 03 स्कूल, नरहरपुर विकासखण्ड के 12 स्कूल, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 24 स्कूल और कांकेर विकासखण्ड के 15 स्कूलों की मरम्मत के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को राशि जारी किया गया है। इसी प्रकार नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत 13 स्कूल, नगर पंचायत अंतागढ़ के 02 स्कूल, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अंतर्गत 02 स्कूल, नगर पंचायत चारामा के 01 स्कूल, नगर पंचायत नरहरपुर के 01 स्कूल तथा नगर पंचायत पखांजूर अंतर्गत 02 स्कूलों की मरम्मत के लिए नगरपालिका अधिकारियों को राशि जारी किया गया है तथा स्कूल भवनों की मरम्मत एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

### पौधरोपण के दौरान बिगड़ी तबीयत, मजदूर की हुई मौत



बालोद, 25 अगस्त 2022। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत काम कर रहे मजदूर की काम करने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई. जिसके बाद 108 के जरिए हॉस्पिटल ले जाते वक्त मौत हो गई. मृतक के परिवार को 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है.पूरा मामला डौंडी विकासखंड के आमाडुला गांव का बताया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत आमाडुला में चारागाह विकास एवं पौधरोपण का काम चल रहा था. जहां काम कर रहे मजदूर मृतक तुलाराम की तबियत अचानक बिगड़ी और उल्टी होने लगी. जिसके बाद उसे 108 के माध्यम से हॉस्पिटल ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई. मनरेगा काम के दौरान मजदूर की मौत के बाद मजदूर को विभाग द्वारा 25 हजार की सहायता राशि उनके परिजनों को सौंप दी गई है।

# आंदोलनरत कर्मचारियों के बीच पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव

## कहा-हक के लिए कोई मोलभाव नहीं...देना है तो पूरा देना होगा महंगाई भत्ता







रायपुर, 25 अगस्त 2022। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ अब भारतीय जनता पार्टी खड़ी हो गई है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव गुरुवार को बूढ़ातालाब धरना स्थल पर आंदोलनरत कर्मचारियों के बीच पहुंचे, और उनकी मांगों के प्रति पार्टी का समर्थन व्यक्त किया.

बता दे कि राज्य सरकार के कर्मचारी देय तिथि से केंद्र के समान 34% महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग कर रहे हैं. एक दिन पहले बेरोजगारों के पक्ष में आयोजित भाजयुमो के हल्ला बोल आंदोलन में अलख जगाने के बाद आज भाजपा अध्यक्ष साव के साथ पार्टी के अनेक पदाधिकारी आंदोलनरत कर्मचारियों के बीच पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के साथ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

इस अवसर पर अरुण साव ने कहा कि कर्मचारी-अधिकारी सिर्फ कार्यालय में बैठकर जनता की सेवा करने का काम करते हैं, लेकिन आज उन्हें बारिश धूप में बैठकर अपने हक की लड़ाई लड़नी पड़ रही हैं, यह दुर्भाग्य की बात है. छत्तीसगढ़ में इतना आंदोलन हो रहा है, कि धरना के लिए जगह कम पड़ने लगी है. छत्तीसगढ़ सरकार के 6% महंगाई भत्ता देने की बात पर उन्होंने कहा कि हक के लिए मोलभाव नहीं होता. देना है तो पूरा देना होगा 34% मतलब 34%.

इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि हमारा लगातार आंदोलन चल रहा है. 5 लाख कर्मचारियों का एक बड़ा समूह आंदोलन कर रहा है. विपक्षी पार्टियों को भी ऐसा लगता है कि प्रदेश के कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं. उनकी मांगे पूरी होनी चाहिए इसलिए उन्होंने अपनी उपस्थिति और समर्थन दिया है।



# सहकारिता विभाग में 2700 पदों पर होगी भर्ती,सीएम बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक

रायपुर, 25 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सहकारी बैंकों और नई समितियों में रिक्त 2700 पदों पर भर्ती लेने का निर्णय लिया गया. सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम साय सिंह टेकाम ने बताया कि सहकारी बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती एवं नई समितियों में भर्ती को लेकर चर्चा की गई. जो समिति की संख्या 1333 थी उसे बढ़ाकर 2058 किया गया है.

मंत्री टेकाम ने बताया, 200 से ज्यादा समितियों में प्रबंधक नहीं है. नई समिति बढ़ने के कारण भर्ती नहीं हुई है. इन समितियों के माध्यम से धान खरीदी भी होती है और ऋण वितरण भी किया जाता है. जब खाली पद भर जाएंगे तो काम अच्छे से होगा.

बैठक में लगभग 2700 पदों पर भर्ती की हरी झंडी मिली. जो जटिल एवं क्लिष्ट नियम थे, उसका सरलीकरण किया गया. बैठक में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, मुख्य सचिव अमिताभ जैन समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल के पास चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले बदमाश गिरफ्तार



बिलासपुर, 25 अगस्त 2022। बिलासपुर में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाएं पुलिस के लिए परेशानी का सबब है। पुलिस लगातार इस पर नकेल कसने का प्रयास कर रही है। इसे लेकर प्रदेश में राजनीति भी खूब हो रही है, जिस वजह से पुलिस की भी कई मर्तबा किरकिरी हो चुकी है। बावजूद इसके अपराधियों में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा। एक बार फिर खपरगंज इलाके में लाला लाजपत राय स्कूल के सामने एक युवक दिनदहाड़े सड़क पर चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों में दहशत फैला रहा था, जिसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को मिली।

पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची जहां उन्हें खपड़गंज निवासी 19 वर्षीय सोल्डर उर्फ साकिर कुरेशी मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा, जिसके पास एक बटन दार नुकीला चाकू भी मिला। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि पिछले 5 महीने में बिलासपुर में 100 से अधिक चाकूबाजी की घटनाएं हो चुकी है, जिसके बाद पुलिस ने स्पष्ट किया था कि अब से चाकू निकालकर किसी को डराने पर भी उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया जाएगा, ताकि चाकू बाजो में पुलिस का खौफ पैदा हो।



# धधकने लगी खड़ी कार,रायपुर से सटे इलाके में हुई ये घटना

रायपुर/धरसीवां, 25 अगस्त 2022। सांकरा में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं एक दूसरी घटना में जिस स्थान पर हादसा हुआ उससे लगभग सौ कदम दूरी पर एक कार में अचानक भीषण आग लग गई.

कार में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. हालांकि इस घटना में कोई जानहानि नहीं हुई. मिली जानकारी के मुताबिक एक कार सवार ने रायपुर बिलासपुर हाइवे किनारे सर्विस रोड पर अपनी कार खड़ी की और वह होटल की तरफ गया था कि उसकी कार में अचानक आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली की कुछ ही देर में कार जलकर खाक हो गई।



# 5 कुत्तों पर एसिड डालकर मारने की कोशिश करने वाले नाबालिक के खिलाफ मामला दर्ज, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

रायपुर, 25 अगस्त 2022। राजधानी में एक नाबालिक लड़के ने 5 कुत्तों पर एसिड डालकर उन्हें मारने की कोशिश किया है. यह घटना सदर बाजार रोड की है, जहां 15 अगस्त से 19 अगस्त के बीच नाबालिक ने कुत्तों को मारने की कोशिश की है. जिसके बाद नाबालिक के खिलाफ कोतवाली थाने में पशु क्रूरता अधनियम के तहत कार्रवाई की गई हैं.

इस मामले में एडीशनल एसपी सुखनन्दन राठौर ने बताया कि नाबालिक को गिरफ्तार कर मुचकले पर छोड़ा गया हैं. एसिड डालने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हैं. बता दें कि इस घटना से पीपुल्स फ़ॉर एनिमल्स संस्था ने पुलिस को अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई किया. संस्था में 3 कुत्तों का इलाज चल रहा और 2 की मौत हो गई हैं. लड़के का कहना था कि कुत्ते उसे परेशान करते थे इसलिए उसने उन पर एसिड डाल दिया. वहीं, संस्था की संचालक कस्तूरी बल्लाल ने बताया कि ये बच्चा पहले भी कुत्तों को मारा करता था. 15 अगस्त के दिन जब सब बंद था तब उसने पहली बार एसिड डाला. रात में जब सब सो रहे थे तब उसने इस घटना को अंजाम दिया. 19 को जैसे ही हमे पता चला, हमने तुरंत थाने में शिकायत किया।

# जंगल में शादी के जोड़े में मिली युवती की लाश,दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका





धमतरी, 25 अगस्त 2022। लाल रंग का लहंगाज दुल्हन जैसा मेकअप और पैरों में महंगी सैंडलज्अब वो ना जाने शादी की मंडप से भागी थी या फिर प्रेमी संग शादी रचाकर घूमने आयी थी, लेकिन दुल्हन के लिबास में सजकर घर से निकली युवती के साथ दुष्कर्म और हत्या ने हर किसी को दहला कर रख दिया है। चेहरे को कुचला गया है, जिस पर कीड़े लग चुके हैं। हाथों में मेहंदी लगी है, जिस पर कीडे और चीटिंयां लटके हुए हैं। अब पुलिस इस दुल्हन मर्डर केस को सुलझाने में जुटी है।

घटना धमतरी के माडमसिल्ली क्षेत्र के अमलीपारा जंगल की बतायी जा रही है। केरेगांव थाने में आज पुलिस को एक चरवाहे में दुल्हन का शव मिलने की खबर दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान दुल्हन के अंडर गारमेंट नीचे खिसका हुआ मिला है, जाहिर है ये इशारा कर रहा है कि उसके बाद रेप जैसी वारदात भी हुई हो। पुलिस भी रेप के बाद मर्डर की आशंका जता रही है।

हालांकि, इस मामले में जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ कह पाना काफी मुश्किल है। जानकारी के मुताबिक केरेगाँव थाना इलाके माडमसिल्ली क्षेत्र के अमलीपारा जंगल में एक 25-30 साल की युवती की लाश मिली है। युवती दुल्हन के लिबास में है और आशंका है कि या तो शादी करके आयी है या फिर उसकी शादी होने वाली है। एक आशंका ये भी है कि वो दुल्हन के लिबास में अपने किसी दोस्त से मिलने आयी है, जिसके बाद उसके साथ रेप किया गया और फिर मर्डर कर आरोपी फरार हो गया।

केरेगांव पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। शव दो से तीन दिन पुराना होना बताया जा रहा है। शव जिस तरह से सड़ रहा है, उससे साफ है कि उसकी हत्या दो से तीन दिन पहले हुई है। बारिश की वजह से शव जल्द ही डिकंपोज हो गया है। नगरी एसडीएम ,चंद्रकांत कौशिक की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा किया है। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्र में युवती की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

# चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 25 अगस्त 2022। राजधानी के गुढ़ियारी शेख वसीम ने थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अम्बेडकर नगर गुढ़ियारी में रहता है तथा प्रार्थी की अम्बेडकर चैक पास स्वयं की किराना दुकान है। प्रार्थी दिनांक 13.07.2022 को अपने किराना दुकान में बैठा था तभी लगभग 02.00 बजे अहमद खां प्रार्थी के पास दौड़ते हुये आकर बताया कि अम्बेडकर चैक पास अकरम खां को रवि राव एवं खिलेश्वर उर्फ गोलू चाकू से मार रहे है। प्रार्थी जब वहां पहुंचा तब अकरम खां जमीन पर पड़ा हुआ था प्रार्थी द्वारा अकरम खां से क्या हुआ पूछने पर अकरम खां द्वारा बताया गया कि गाड़ी चलाने के मामूली बात पर रवि राव एवं खिलेश्वर उर्फ गोलू द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये हत्या करने की नियत से अपने पास रखे चाकू से उसे जांघ एवं सीने पास मारकर चोट पहुंचाये। जिस पर रवि राव एवं खिलेश्वर साहू उर्फ गोलू के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 295/22 धारा 307, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी एवं अकरम खां सहित आस-पास के लोगो से विस्तृत पूछताछ करते हुये, आरोपियों की पतासाजी करते हुये उनके छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर प्रकरण में आरोपी रवि राव एवं खिलेश्वर उर्फ गोलू को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पूछताछ के दौरान दोनो आरोपी द्वारा गाड़ी चलाने के मामूली बात पर उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया।



# हल्ला बोल प्रदर्शन : कार्यकर्ताओं की बदसलूकी और गालियां देते वीडियो हुए वायरल...पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

रायपुर, 25 अगस्त 2022। बीते बुधवार को भाजयुमो द्वारा बेरोज़गारी के मसले पर हल्ला बोल आंदोलन किया गया। आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने एवं किसी प्रकार की अनहोनी को रोकने बड़ी संख्या में पुलिसबल को भी तैनात किया गया। अब भाजयुमो के इस प्रदर्शन से कुछ वीडियो निकल कर वायरल हो रहे हैं, जिसमें भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी करते और उनपर हाथ उठाते देखा जा सकता है। जिसके बाद राजधानी पुलिस द्वारा शहर के अलग-अलग थानों में पुलिसकर्मियों से मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, वाहनों के तोड़फोड़ और लाठीचार्ज के लिए उकसाते हुए अपशब्दों का प्रयोग करने पर नामजद और अज्ञात कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की है।

बता दें कि कल बुधवार को भाजपा की युवा विंग भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हल्लाबोल आंदोलन राजधानी में किया गया भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, सरोज पांडेय, रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत समेत प्रदेश के कई बड़े भाजपा नेता मौजूद थे। वहीं भाजपा के इस प्रदर्शन से निपटने प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में बैरिकेटिंग और पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

### इन पर दर्ज हुए एफआईआर



राजधानी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के कोतवाली थाने में अब तक 2 और सिविल लाइन थाने में 4 एफआईआर दर्ज हुए हैं। जिनमे प्रदर्शन के दौरान ओसीएम चौक के पास जगदलपुर के अविनाश श्रीवास्तव, आनंद झा एवं अन्य के विरुद्ध लाठीचार्ज के लिए उकसाते हुए गाली अपशब्दों का प्रयोग एवं पुलिस से अभद्रता करने एवं धक्का देने पर कोतवाली में अपराध दर्ज़ किया गया है।

ओसीएम चौक के पास ही तुषार चोपड़ा एवं अन्य के द्वारा पुलिस से अभद्रता करने, मारपीट करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने पर कोतवाली थाना में अपराध दर्ज़ किया गया है।

पंचशील नगर में बैरिकेड के पास शुभम गुप्ता निवासी अकलतरा, सोनू सिंह निवासी अकलतरा, रवि पांडे निवासी जांजगीर चांपा, नरोत्तम गव्हेल निवासी मालखरोदा, सुमित पांडे निवासी अकलतरा, राजकुमार चंद्रा निवासी जांजगीर,गिरधर गोपाल चंद्रा निवासी जयजयपुर, मनोज कुमार साहू निवासी जय जयपुर, करण कुमार यादव निवासी अकलतरा, सुनील सिंह निवासी अकलतरा एवं अन्य के द्वारा तोड़फोड़, अभद्रता, पुलिस कर्मचारियों को धक्का देने, शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने, पुलिस अधिकारियों को चोट कारित करने पर थाना सिविल लाईस में अपराध दर्ज़ किया गया है।

शहीद भगत सिंह चौक पर निखिल सिंह राठौर निवासी भानूप्रतापपुर ,राज कमल राठौर निवासी सक्ती ,सतनाम सिंह निवासी रायगढ़, सूरज शर्मा निवासी रायगढ़ ,मयूरेश केसरवानी निवासी सारंगढ़ ,आलोक पटेल निवासी डभरा चंद्रपुर एवं अन्य के द्वारा तोड़फोड़ करने, संपत्ति को नुक़सान पहुँचाने, पुलिस कर्मचारियों को धक्का देने, शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने, पुलिस कर्मचारियों को चोट कारित करने पर थाना सिविल लाईस में अपराध दर्ज़ किया गया है।

वहीं पुलिस वीडियो के आधार पर कुछ अन्य नामों की भी पहचान कर रही है जिन्होंने प्रदर्शन के अतिरिक्त विधि विरुद्ध कार्य किया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)